दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 3 मई 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 23 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान के नापाक इरादे तो पहले से ही जग जाहिर हैं। अब उसका अमानवीय चेहरा भी उजागर हो गया। जब उसने भारत में आए पाकिस्तानी नागरिकों को अपने देश में प्रवेश देने से इंकार करते हुए बाघा बॉर्डर बंद कर दिया। जिनका वीजा रद्द कर भारत उन्हें वापस पाकिस्तान भेज रहा है। बॉर्डर पर हजारों पाकिस्तानी चौबीस घंटे से परेशान हैं। अपने ही देश के नागरिकों को वापस लेने में हीलहवाला कर पाकिस्तान ने यह साबित कर दिया है कि वह अपने ही लोगों का भी सगा नहीं है। अपने लोगों की आह अब उसे तबाह करके रहेगी।

जीएसटी संग्रह में छत्तीसगढ़ बना अग्रणी राज्य

- अप्रैल 2025 में 4,135 करोड़ का संग्रहण
- केरल, पंजाब और बिहार जैसे राज्यों को पछाड़ा
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किए गए सुधारों का असर

रायपुर/नवप्रदेश। अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है। सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर-जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति,सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता,पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और यह दिखाता है कि राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक : मुर्मु

नयी दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल - 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

सैन्य प्रतिष्ठानों की वैबसाइट हैक करने की पाक की कोशिश लगातार विफल

नयी दिल्ली (वार्ता)। पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वैबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सियां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाये जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह ,'साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337' और 'नेशनल साइबर क्रू' भारतीय वैबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं। इन समूहों ने गुरूवार को भी कुछ वेबसाइटों में सेंध लगाने के असफल प्रयास किए।

बिलावल ने आतंकी संगठनों से पाकिस्तान की सांठगांठ कबूली

इस्लामाबाद(ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट जगजाहिर हो गई है। आए दिन उसके नेता कोई न कोई बड़बोलापन दिखा रहे हैं। पहले उनके रक्षा मंत्री और अब उनके पूर्व विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के आतंक का पनाहगार होने की बात कबूल ली है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मत हत्या कर दी थी। पाकिस्तान की ओर से पोषित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा ने इस हमले की साजिश रची थी। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने खुद कबूल कर लिया है कि उनके मुल्क के आतंकी समूहों के साथ संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अतीत रहा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान के दहशतर्गदों के साथ संबंध रहे हैं।

वक्फ कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की

नई दिल्ली(ए.)। वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की गईं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाओं में वक्फ संशोधन कानून, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की सदस्यता वाली पीठ वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 5 मई को सुनवाई करेगी।

भारत की सख्ती से पाकिस्तान बेहाल

आनाकानी के बाद वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने मजबूर

इस्लामाबाद (ए.)। भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने एलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का एलान कर दिया और पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समयसीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया गया।

70 पाकिस्तानी अटारी-वाघा सीमा पर फंसे

पाकिस्तानियों के भारत छोड़ने की समय सीमा 30 अप्रैल को समाप्त हो गई, जिसके बाद गुरुवार को अटारी-वाघा बॉर्डर बंद रही। हालांकि कम से कम 70 पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार को भी अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीमा पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर कहा कि हमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी है, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के अटारी सीमा पर फंसे होने की जानकारी मिली है। हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।

पाक ने गोलीबारी कर फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

जम्मू (वार्ता)। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में एक और दो मई की दरमियानी रात नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां कहा कि एक-दो मई की दरमियानी रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी और जम्मू के अखनूर जिले के सामने नियंत्रण रेखा के पार चौकियों से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा, भारतीय सेना के जवानों ने संतुलित और समुचित तरीके से जवाब दिया। इससे पहले, 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार से नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से जम्मू के परगवाल और सांबा के रामगढ़ सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

भविष्य में भी खुला रहेगा वाघा बॉर्डर

पाकिस्तान ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के भारत सरकार के फैसले की आलोचना की और कहा कि इससे गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है क्योंकि इससे भारत में इलाज करा रहे परिवार प्रभावित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल के बाद भारत छोड़ने का आदेश दिया था। इनमें सार्क वीजा धारक शामिल हैं। वहीं मेडिकल वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ने की सलाह दी गई थी।

शाहजहांपुर में वायुसेना का युद्धाभ्यास

शाहजहांपुर(ए.)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टच डाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का,ह-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे। गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

पीएम मोदी की केरल को 8900 करोड़ की सौगात

- विझिनजाम बंदरगाह देश को किया समर्पित

तिरुवनंतपुरम (ए.)। केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75त्न ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब

बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती

इससे पहले उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं।

विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता

पीएम मोदी ने आगे कहा कि बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों का आधार रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

भारत को 13 करोड़ डॉलर का सैन्य सामान देगा अमेरिका

- हिंद-प्रशांत महासागर में और मजबूत होगी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर का सैन्य साजो-सामान बेचने की मंजूरी दे दी है। इस सैन्य साजो सामान के मिलने से भारत की हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में मेरीटाइम सुरक्षा मजबूत होगी। भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग बढ़ रहा है और ताजा सौदा भी इसका उदाहरण है।

भारतीय नौसेना को मिलेंगे ये औजार और तकनीक

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के तहत काम करने वाली डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बुधवार को बताया कि सौदे के तहत भारत को एडवांस्ड सी विजन सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग और सपोर्ट सर्विस मिलेगी, इससे भारत की मेरीटाइम डोमेन में जागरुकता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली में झमाझम बारिश, कई इलाकों में जलभराव की स्थिति

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार तड़के आंधी-तूफान और गरज के साथ झमाझम बारिश होने से राजधानी के कई इलाकों में जहां जलभराव की स्थिति बन गयी, वहीं सड़कों पर पानी भरने के कारण हर तरफ यातायात जाम की समस्या हो गई। ऑफिस जाने या अन्य जरूरी काम से निकले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बारिश के कारण हालात का जायजा लेने निकलीं, वह मजनूं का टीला पहुंचीं और वहां भारी जलभराव होने के कारण अधिकारियों के निर्देश दिए।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं

- कोर्ट ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

क्या है नेशनल हेराल्ड मामला?

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है।

गरमा-गरम

पहली पूजा पीएम के नाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के साक्षी बने, भक्तों पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा

वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य खुले केदारनाथ धाम के कपाट

श्रीकेदारनाथ धाम (वार्ता)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान के साथ खोल दिये गये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के साक्षी बने। उन्होंने कपाट खुलने पर धाम में पूजा-अर्चना कर, प्रदेश के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की सम्पन्न हुई। मंत्र उच्चारण, हर हर महादेव के उद्घोष एवं सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बाबा केदार के कपाट प्रातः सात बजे खुले। इस अवसर पर धाम को सुंदर पुष्पों से सुसज्जित किया गया है। आज भक्तों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प भी बरसाए गए।

मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। उन्होंने बाबा केदार से सभी यात्रियों

के मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की। श्री धामी ने कहा कि बाबा केदार के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। बाबा केदार के आशीर्वाद से इस वर्ष भी चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चार धाम यात्रा के सुव्यस्थित और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता के लिए सरकार ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं।

धामी ने कहा कि हम सभी उत्तराखंडवासियों का कर्तव्य है कि हम देश और दुनिया से आने वाले अतिथियों का स्वागत आत्मीयता और सेवा भाव से करें। उन्होंने कहा कि मोदी बाबा केदारनाथ के अनन्य भक्त हैं। वर्ष 2013 में आपदा के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केदार नगरी के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हुआ। उन्हीं के मार्गदर्शन में आज केदारनाथ परिसर का दिव्य और भव्य निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केदारनाथ की इसी भूमि से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। उनके शब्दों को सच करने के लिए राज्य सरकार निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

इससे पूर्व, कपाट खुलने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे से शुरू हुई। इसके बाद श्री केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी बागेश लिंग, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास पोस्ती, ■ शेष पृष्ठ 6 पर



कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी घाटी

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अद्भुत क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी इस दौरान मौजूद रहे। बाबा केदार के कपाट खुलने के क्षण का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही धाम के कपाट खुले हर-हर महादेव के जयकारों से घाटी गूंज उठी। श्रद्धा से भीगे मन भोलेनाथ का वंदन करने लगे।

कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया है। वहीं, शासन, प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल भी तैनात है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। वहीं, श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने के बाद से दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। श्री केदारनाथ धाम अपने संपूर्ण वैभव के साथ सज संवरकर तैयार हो चुका है। शुक्रवार प्रात काल विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में कापट उद्घाटन के साथ ही भक्तगम देवाधिदेव महादेव केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे। मेरे लिए भी अत्यंत सौभाग्य का क्षण है कि मैं भी कपाटोद्घाटन के दौरान श्री केदारनाथ धाम में उपस्थित हूं।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समर्पण से मन झुकाया

शुक्रवार को सुबह सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन पल के साक्षी बने। मंदिर के कपाट खुलते ही केदारघाटी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। कपाट खुलने से कुछ ही देर पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी केदारनाथ पहुंचे और कपाट खुलने के बाद दर्शन किए।

सीएम धामी ने किये प्रसाद वितरित

पाटोद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी संग भी मौजूद रहे। कपाट खुलने के बाद उन्होंने यहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

भारत-यूरोपीय संघ का मुक्त व्यापार समझौता रणनीतिक व्यापार की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली(वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफ्कोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की।

बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने श्री गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक

महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। श्री गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफ्टीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं (एनटीबी) पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए।

भारत-यूरोपीय संघ एफ्टीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आकांक्षा रखता है।

विज्ञप्ति के अनुसार, "दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।"

दोनों पक्षों ने आर्थिक जीवन शक्ति को बनाए रखने में निवेश प्रवाह और लोगों से लोगों की गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

भारत-यूरोपीय संघ एफ्टीए को विकसित भारत के लक्षण के संदर्भ में विविध उत्पादन नेटवर्क को बढ़ावा देने और निष्पक्ष व्यापार सिद्धांतों को बनाए रखने के साधन के रूप में देखा जा रहा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का कहना है कि चूंकि भारत कई मुक्त व्यापार सौदों के माध्यम से विश्व बाजार में अपनी उपस्थिति व्यापक बनाने में लगा है, यूरोपीय संघ से एफ्टीए वार्ता राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक आकांक्षाओं के साथ संरेखित भविष्य के लिए तैयार ढांचे को आकार देने के अपने व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है।

पाकिस्तान की उड़ी नींद सीजफायर से मिला मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही दहशतगर्दों के पहनगार पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। उसे हर पल भारत की कड़ी कार्रवाई का डर सता रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार से लगातार फायरिंग कर रहा है। लगातार आठवें दिन उसने सीजफायर का उल्लंघन किया। हालांकि, उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के मुताबिक, एक और 2 मई 2025 की रात को पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

'उपनिवेशवाद ने बहुलवाद को दबाया, परंपराओं के लिए आवाज बुलंद करने की जरूरत' : जयशंकर

नई दिल्ली। वदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अतीत में उपनिवेशवाद और बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व की वजह से बहुलवाद को दबाया गया। वैश्विक व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों के बीच परंपराओं, विरासत और विचारों के लिए आवाज बुलंद करना जरूरी है। जयशंकर विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ वैश्विक मीडिया संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मजबूत रचनात्मकता में योगदान देने के लिए प्रतिभाशाली युवाओं के लिए सहज गतिशीलता की भी जोरदार वकालत की।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के बीच विदेश मंत्री ने आगाह किया कि उभरती प्रौद्योगिकियों का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग एक बढ़ती हुई चिंता होगी। आज या आने वाले समय में जब भी इस पर विचार किया जाएगा तो पूर्वाग्रह को कम करना, लोकतंत्रीकरण करना और नैतिकता को प्राथमिकता देना सभी उसका हिस्सा होंगे।

60 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया

जयशंकर ने 60 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चाई यह है कि दुनिया अनिवार्य और आंतरिक रूप से विविध है। अतीत में उपनिवेशवाद और बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व दोनों की ओर से बहुलवाद को दबा दिया गया। चूंकि हम अब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाना चाहते हैं, इसलिए केवल राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता का दावा करना ही पर्याप्त नहीं है। यह भी उतना ही आवश्यक है कि हम अपनी परंपराओं, अपनी विरासत, विचारों, प्रथाओं और अपनी रचनात्मकता को आवाज दें।

पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर परिवार, सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

नई दिल्ली। पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर पहुंचे एक परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को परिवार के दस्तावेज जांचने और कोई फैसला लेने तक परिवार को पाकिस्तान निर्वासित न करने का निर्देश दिया है। जम्मू कश्मीर के छह लोगों को एक परिवार पर निर्वासन की तलवार लटक रही है। छह सदस्यों का ये परिवार कथित तौर पर वीजा की अवधि निकल जाने के बाद भी भारत में रुका हुआ है। वहीं परिवार का कहना है कि उनके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सभी दस्तावेजों की जांच करें। अदालत ने दस्तावेजों की वैधता पर जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया है। हालांकि इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की है। अदालत ने फैसला लिए जाने तक याचिकाकर्ता परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का भी निर्देश दिया है।

यूपी में वायुसेना का युद्धाभ्यास, गंगा एक्सप्रेसवे पर गरजे लड़ाकू विमान

शाहजहांपुर। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का ह-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे।

गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

वायुसेना के एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।एयर शो को देखते हुए वायुसेना ने हवाई पट्टी को पहले ही अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। विमान लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके।

'पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने से एयर इंडिया को होगा 60 करोड़ डॉलर का नुकसान'

नई दिल्ली। पाकिस्तान द्वारा अपना एयरस्पेस भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने के बाद एयर इंडिया को सालाना करीब 60 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है। न्यूज एजेंसी रायटर्स ने कंपनी के एक पत्र का हवाला देते हुए यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के एयरस्पेस बंद करने से भारतीय एयरलाइंस का ईंधन का खर्च बढ़ेगा और साथ ही उड़ानों के रूट का फिर से निर्धारण किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि अगले साल यह नुकसान और ज्यादा बढ़ सकता है। एयरलाइंस ने चेताया है कि इसका असर यात्रियों पर भी पड़ सकता है। एयर इंडिया ने अनुमान जताया है कि उन्हें हर साल 59.1 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है और जितने लंबे समय तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा, तब तक एयरलाइंस का नुकसान बढ़ता रहेगा।

भाखड़ा जल विवाद गहराया : हरियाणा ने बताया घटिया राजनीति

चंडीगढ़। भाखड़ा जल विवाद पर हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इससे पहले शुक्रवार सुबह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में पंजाब भवन में प्रदेश की सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारवार्ता में सीएम मान ने कहा कि दो घंटे तक पानी के मुद्दे पर चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी को डिक्टेट किया गया। हरियाणा को पानी देने का फैसला रातों रात किया गया। ऑल पार्टी मीटिंग में इसका विरोध किया गया। मान के इस बयान पर सीएम नायब सैनी ने पलटवार करते हुए कहा कि पंजाब को घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए, यह गुरुओं की धरती है। आज मैं यह कहता हूं कि अगर पंजाब के लोगों को पानी की जरूरत पड़ती है तो हरियाणा जमीन के नीचे से भी पानी निकाल कर पंजाब वासियों की प्यास बुझाने का काम करेगा। हम सिंचाई के लिए नहीं, पीने के लिए पानी मांग रहे हैं जो पंजाब को देना चाहिए।

'आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों पर कार्रवाई करे सरकार' : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को आंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफकार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग ही आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ रहे हैं इसलिए वो कार्रवाई किस पर करें। यह जवाब उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़े जाने के सवाल पर दिया। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को खत्म कर दिया है। इसलिए अब भाजपा नफरती राजनीति पर उतर आई है। भाजपा का वोट कम हो रहा है। लोग महंगाई और बेरोजगारी के सवालों को उठा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मदरसों को अवैध बताकर बंद किया जा रहा है। अगर वो अवैध हैं या अवैध जमीन पर बने हैं तो पहले क्यों नहीं रोका गया।

आतंक पर वार की तैयारी | **युद्धपोत में आधुनिक हथियार प्रणाली, रडार और मिसाइलें लगी हैं**

अब पाकिस्तान की खैर नहीं, तनाव के बीच जंगी जहाज आईएनएस सूरत हजीरा पोर्ट पर तैनात

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस सूरत पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात कर दिया गया। नौसेना के कमांड अधिकारी कैप्टन संदीप शोरे ने बताया कि आईएनएस सूरत देश के सबसे उन्नत और शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक है। एएनआई के मुताबिक, नौसेना ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है।

युद्धपोत में आधुनिक हथियार प्रणाली, रडार, और मिसाइलें लगी हैं जो इसे समुद्री सुरक्षा के लिए बेहद प्रभावी बनाती हैं।

आईएनएस-सूरत युद्धपोत विध्वंसक श्रेणी में आता है। यह पनडुब्बी, जहाज, विमान जैसे किसी भी लक्ष्य को निशाना बना सकता है। इसके साथ हेलिकॉप्टर भी तैनात रहते हैं।

आईएनएस विक्रांत अरब सागर में तैनात

भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात किया था। यह भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है। तैनाती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी।इससे पहले भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया था। इसमें लिखा गया, 'एकता में शक्ति, उद्देश्यपूर्ण उपस्थिति।' नौसेना ने पोस्ट के साथ कई हैशटैग भी लगाए थे। जैसे- #MissionReady #AnytimeAnywhereAnyhow.

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला था।

ISI के लिए जासूसी करने का आरोपी गिरफ्तार

इस बीच राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर निवासी पठान खान को पाकिस्तान की ISI के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे करीब एक महीने पहले हिरासत में लिया गया था और तब से उससे पूछताछ की जा रही थी। उसे औपचारिक रूप से 1 मई 2025 को गिरफ्तार किया गया।

2013 में पाकिस्तान गया था

प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, पठान खान 2013 में पाकिस्तान गया था, जहां वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में आया। पाकिस्तान में उसे पैसों का लालच दिया गया और जासूसी का प्रशिक्षण दिया गया। 2013 के बाद भी वह वहां जाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से मिलता रहा और जैसलमेर अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ साझा करता रहा।

कांग्रेस का अपोलो प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोल, न्याय यात्रा कर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला की हुई थी मौत, फर्जी डॉक्टर से कर रही है पुलिस पूछताछ

बिलासपुर/नवप्रदेश। *जिले के अपोलो अस्पताल में फर्जी डॉक्टर के ऑपरेशन के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य की मौत के बाद डॉक्टर और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ थाने में अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में डॉक्टर की गिरफ्तारी भी हुई है। वहीं आज कांग्रेस ने अपोलो प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोल, कर न्याय यात्रा निकालकर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।*

प्रदेश के बड़े अस्पतालों में से एक अपोलो को माना जाता है। यहां उपचार के लिए न सिर्फ बिलासपुर संभाग से बल्कि अन्य संभाग से भी लोग पहुंचते हैं। लेकिन यहां पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला की मौत फर्जी डॉक्टर के ऑपरेशन के बाद हो गया था वहीं उस डॉक्टर के खिलाफ

अन्य भी कई मामले सामने आए। अब परिजनों ने तो पुलिस में शिकायत दर्ज कर एफआईआर करायी है। इसको लेकर प्रदेश में कांग्रेस ने भी कड़ा रूख करते हुए अपोलो प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। इसको लेकर न्याय यात्रा निकाली गई है। बता दें, शुक्रवार को प्रदेशभर से कांग्रेस के बड़े नेताओं ने बिलासपुर पहुंचकर अपोलो प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के मौत के जिम्मेदार फर्जी डॉक्टर के खिलाफ व अपोलो प्रबंधन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की जा रही है। इसी को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित कई बड़े नेताओं ने न्याय यात्रा में शामिल होकर जमकर नारे बाजी करते हुए यात्रा निकाली। न्याय यात्रा के माध्यम से फर्जी डॉक्टर के चक्कर में मारे गए मरीजों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस जनों का कहना है कि फर्जी डॉक्टर को नियुक्त करने वाले अपोलो प्रबंधन के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव का कहना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि व्यवस्था को सही किया जाए वरना कांग्रेस इसी तरह से मैदान में उतर कर आम नागरिकों के लिए लड़ाई लड़ेगी और सरकार को जगाने का प्रयास करेगी।

जातिगत जनगणना पर बोले नेता प्रतिपक्ष

न्याय यात्रा के पूर्व पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि जातिगत जनगणना के लिए भाजपा सरकार कहती है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना नहीं चाहती थी जबकि यह बात पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व महासचिव राहुल गांधी काफी समय से जातिगत जनगणना के लिए लोगों के बीच पहुंचे है और सरकार को भी लगातार इसके लिए कहा। पहलगाम आतंकी अटैक पर भी उन्होंने कहा कि सरकार अभी सिर्फ बात ही कर रही है। आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए।

न्यूज गैलरी

विश्व हास्य दिवस पर लाफ्टर महासंघ का विविध आयोजन 4 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूरे विश्व में मई माह के प्रथम रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। यह हास्य दिवस पहली बार 1998 में डॉक्टर मदन कटारिया (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लाफ्टर क्लब) ने इस आंदोलन की शुरुआत की थी। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य हंसने का महत्व तथा स्वास्थ्य के लाभ के प्रति जागरूकता लाना है। हंसी से तनाव कम, रक्तचाप बैलेंस रहता है तथा सामाजिक संबंध मजबूत बनते हैं। ब्लड शुगर लेवल भी कम रहता है । हंसी लोगों के बीच एक सकारात्मक, भावनात्मक संबंध बनाती है। उक्त बातें लाफ्टर क्लब महासंघ बिलासपुर के अध्यक्ष राजेंद्र राजू अग्रवाल ने चर्चा पर बताया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में विभिन्न उद्यानों में प्रतिदिन सुबह लाफिंग एवं योग की क्लास लगती है जो की पूर्णता निःशुल्क है। शहर का कोई भी नागरिक जिन्हें भी जो भी उद्यान नजदीक हो वहां ज्वाइन कर सकता है ।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्वयं कोर्स विकास पर तीन दिवसीय कार्यशाला

सही काम सही समय पर करें तो परिणाम अच्छे और सुखद होते हैं: प्रो. प्रदीप घोष

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं कोर्स विकास विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के शिक्षकों को राष्ट्रीय ऑनलाइन शिक्षा मंच स्वयं पर गुणवत्तापूर्ण कोर्स विकसित करने एवं उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना था।*

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्राध्यापकों को इस संबंध में जानकारी दी। इसके उद्घाटन अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि सही काम सही समय पर किया जाए तो परिणाम अच्छे और सुखद होते हैं। प्रोफेसर्स को अब खुद कोर्सेज डेवलप करना चाहिए फैकेल्टी कंटेंट अच्छा बनाएं। कार्यशाला के प्रथम दिन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संजय अग्रवाल ने मुक्स के मूल सिद्धांत, स्वयं की संरचना, तथा कोर्स विकास की विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय दिवस में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार चौबे ने मुक्स की प्रभावी ऑनलाइन सामग्री वितरण पर व्याख्यान दिया। वहीं शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश मिश्रा ने जीवन पर्यंत अधिगम और मुक्स की शक्ति पर प्रेरणादायक चर्चा की। कार्यशाला के तीसरे दिन डॉ. सौरभ मित्रा, विभागाध्यक्ष, अभियांत्रिकी विभाग, डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण (हैंड्स-ऑन सेशन) का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को स्वयं पोर्टल पर पाठ्यक्रम चयन, पाठ्यक्रम मिलान एवं क्रेडिट ट्रांसफर प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

प्राध्यापक बेहतरी की दिशा में काम करें : चटर्जी

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में सतत रूप से म्यूकस एवं कटेंट डेवलपमेंट के लिए इग्नू एवं अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के साथ मिलकर फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है तथा विश्वविद्यालय में स्टूडियो के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की डीन एकेडमी डॉक्टर जयति चटर्जी ने कहा कि प्राध्यापक अपने हुनर को मजबूत करें और अधिक से अधिक बेहतरी की दिशा में कार्य करें।

कलेक्टर अग्रवाल का फेडरेशन ने किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल का पुष्प गुछ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने पूर्व में जारी जिले के कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन कार्यक्रम को प्रत्येक मंगलवार को आयोजित करने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने सहमति देते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने कार्य को लगन के साथ करते हुए जिले में विकास कार्य को गति देने में योगदान देने कहा। इस अवसर पर संभाग प्रभारी जी. आर. चंद्रा, जिला संयोजक डॉ. बी. पी. सोनी, महासचिव किशोर शर्मा, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, चंद्रशेखर पांडे, अश्वनी तिवारी, प्रमोद भारद्वाज, डी. आर. श्रीवास, राजेश्वर वस्त्रकार, शिव यादव, मनोज द्विवेदी, उमेश कश्यप, सी. के. जयसवाल, अशोक आक्रेकर, शेफाली पांडे, नेहा ओगरे, मंजूलता पटेल, श्वेता गंधर्व, विकास ठाकुर, सोमेश प्रधान, अशोक ब्रह्म भट्ट, देवेंद्र केसरवानी, विवेक गुप्ता, शंकर श्रीवास उपस्थित थे।

सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करना निजता के अधिकार का उल्लंघन: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। बलात्कार का आरोप झेल रहे एक फूड अफसर की उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उसने पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने यह मांग करते हुए कहा कि अकाउंट्स के जरिए उन दोनों की अंतरंगता का पता लगाया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने दुष्कर्म के आरोप को गलत ठहराते हुए इसे आपसी सहमति का मामला बताया था। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की मांग से इन्कार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि गोपनीयता से समझौता कतई नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें एक दुष्कर्म पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक और इंस्टाग्राम प्रोफाइल तक पहुंच की आरोपी पक्ष की प्रार्थना को उसकी गोपनीयता के संभावित उल्लंघन के आधार पर खारिज कर दिया गया था। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने आरोपी पक्ष के ऐसे अनुरोध को खारिज कर दिया, जो अभियोजन पक्ष द्वारा याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए किया गया था। सिंगल बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सही ढंग से प्रार्थना को खारिज कर दिया है। यदि पीड़िता के फेसबुक या इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच करने तथा पीड़िता से संबंधित ऑडियो रिकॉर्ड चलाने की अनुमति दी जाती है, तो इससे पीड़िता की गोपनीयता से समझौता हो सकता है। पीड़िता जिला पंचायत सदस्य के पद पर कार्यरत थी और याचिकाकर्ता खाद्य निरीक्षक था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वे अपने काम के सिलसिले में एक दूसरे से मिलते रहे।

ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया

कोर्ट का मानना था कि ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता के सोशल मीडिया हैंडल की जांच करने की याचिकाकर्ता की प्रार्थना को सही तरीके से खारिज कर दिया है, क्योंकि इस तरह की पहुंच से उसकी निजता के अधिकार का हनन होने की संभावना है। इसके अलावा, इसने माना कि तथ्यों के सवालों का निपटारा करना बीएनएसएस की धारा 528 (सीआरपीसी की धारा 482 के समान) के तहत अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है।

बाइक सवार महिला का पर्स, मोबाइल व नकदी की लूट

तखतपुर/नवप्रदेश। देवरी ग्राम स्थित डीएवी स्कूल के पास गुरुवार सुबह करीब 11.20 बजे एक महिला से झपटमारी की सनसनीखेज वारदात हुई। रीमा साहू अपने पति और दो बच्चों के साथ बाइक से ग्राम पिरैया चकरभाठा में एक शादी समारोह से लौट रही थीं। जब वे देवरी स्थित डीएवी स्कूल के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे और पीछे बैठे युवक ने चलते वाहन से रीमा साहू के कंधे में लटका हुआ पर्स झपट लिया।

जयराम नगर व बरतोरी में पहला शिविर 5 को

■ कलेक्टर ने की समाधान शिविरों की तैयारी की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की ताजा प्रगति की जानकारी ली। अब तक 72 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। विभिन्न विभागों को मिले 2 लाख 8 हजार आवेदनों में से 1 लाख 49 हजार आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है। शेष आवेदनों को बचे दो दिनों में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार 5 मई से शुरू हो रहे समाधान शिविरों की तैयारी की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसी भी शिविर में और कभी भी पहुंच सकते हैं। लिहाजा अधिकारी पूरी तैयारी के साथ तिहार की भावना के अनुरूप शिविरों में अपनी अनिवार्य उपस्थिति दिखाएं। आम जनता से संवेदनशीलता के साथ संवाद कर उनके दुख-दर्द को महसूस करते हुए सकारात्मक रूप से उनके आवेदनों का समाधान करें। समाधान शिविर की पहली कड़ी 5 मई को बरतोरी (बिल्हा) एवं जयराम नगर (मस्तूरी) में होगी। कलेक्टर ने कहा कि समस्या जिस विभाग से संबंधित है, उसी विभाग के पास पहुंच जाय, तभी उसका निदान संभव होगा। कुछ विभागों में आवेदन ट्रांसफर करने में हुए विलंब पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बैठक में सुशासन पोर्टल खोलकर निराकरण की गुणवत्ता भी परखी।

उन्होंने कुछ मिसाल देकर बताया कि समस्याओं का निपटारा कैसे किया जाये। श्री अग्रवाल ने कहा कि निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। यथासंभव प्रार्थी से चर्चा कर लिया जाये। जिनका काम किसी कारण से किया जाना संभव नहीं है, तो उन्हें जरूर बताएं।

सुशासन तिहार में लंबे अरसे से जॉब कार्ड की मांग हुई पूरी

मनुदास को अब मिलेंगे रोजगार के रास्ते

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्रामीण मनुदास मानिकपुरी को अब रोजगार की तलाश में अपना गांव छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। सुशासन तिहार मनुदास के लिए नई उम्मीद लेकर आया है जहां त्वरित रूप से उनकी समस्या का निदान करते हुए जॉब कार्ड प्रदान किया गया। जॉब कार्ड मिलने से अब उन्हें अपने गांव में ही रहकर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जो उनके परिवार की अतिरिक्त आय का स्रोत बनेगा।

बिल्हा विकासखंड के ग्राम हरदी में रहने वाले मनुदास मानिकपुरी द्वारा 8 से 11 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए गए सुशासन तिहार में रोजगार के लिए जॉब कार्ड बनाने की मांग की गई थी। मनुदास ने बताया कि उनकी गांव में छोटी सी खेती है,इसके अलावा बाकी समय में रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में भी जाकर मजदूरी करते थे,लेकिन अब वे अपने गांव में ही रहकर काम करना चाहते हैं ऐसे में जॉब कार्ड होना जरूरी था। काफी प्रयासों के बावजूद उन्हें जॉब कार्ड बनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन सुशासन तिहार के विषय में जानकारी मिलने पर उन्होंने ग्राम पंचायत में लगाए गए शिकायत पेटी में इसके लिए आवेदन किया, कुछ ही दिनों में विभाग द्वारा त्वरित रूप से उनकी समस्या का समाधान किया गया और उनसे सभी दस्तावेज लेकर उनका जॉब कार्ड बनाकर उन्हें दिया गया। जॉब कार्ड मिलने से अब उन्हें मनरेगा के तहत 100 दिन की रोजगार गारंटी मिलेगी साथ ही प्रतिदिन मजदूरी के 261/ मिलेंगे जो उनके परिवार के लिए अतिरिक्त आय का साधन होगा। अब उन्हें अपने गांव में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे ,उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा साथ ही उन्हें अब घर छोड़कर अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा और वे अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर पाएंगे।

खरे कृषि स्थायी समिति के सभापति नियुक्त

सीपत /नवप्रदेश। मस्तूरी जनपद पंचायत में बीते मंगलवार को चुनावी प्रकिया के तहत स्थायी समिति का गठन किया गया। जिसमें पांच प्रमुख विभागों के लिए सभापति और सदस्य निर्विरोध रूप से चयनित किए गए। वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता व सीपत के जनपद सदस्य मनोज खरे को कृषि स्थायी समिति का सभापति नियुक्त किया गया। इस समिति के सदस्य मंजू देवी कुर्रे, लवंगलता, कार्तिक राम पटेल, चांदनी रात्रे, प्रतिभा अंचल रहेंगे। इनकी नियुक्ति पर इनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है। चुनावी प्रक्रिया के तहत मस्तूरी जनपद अध्यक्ष सरस्वती बाई सोनवानी, उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा और सीईओ जेआर. भगत उपस्थित रहे।

शुभारंभ

रेलवे पार्सल कार्यालय के सामने प्रमोशनल कियोस्क की सुविधा शुरु

यात्रियों को घर में मिलेगी पार्सल बुकिंग, कलेक्शन, डिलिवरी व पेकिंग की सुविधा

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के सामने प्रमोशनल कियोस्क सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ आज मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के कर कमलों से किया गया। इस पहल का उद्देश्य पार्सल बुकिंग प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक एवं सुलभ बनाना है।*

इस कियोस्क के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु मेसर्स राधा स्वामी कार्गो, बिलासपुर को लाइसेंस प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से लाइसेंसी द्वारा यात्रियों अथवा ग्राहकों को घर बैठे पार्सल बुकिंग, पैकिंग व अनपेकिंग, कलेक्शन एवं डिलिवरी आदि की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सेवा के माध्यम से यात्रियों अथवा ग्राहकों को समय और धन दोनों की बचत होगी। कियोस्क के माध्यम से यात्री अब अपने पार्सल की पैकिंग, अनपेकिंग और तत्काल बुकिंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। इन सेवाओं के लिए लाइसेंसी द्वारा ग्राहकों से रेलवे द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार शुल्क लिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे इस सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने सुझावों से इस सुविधा को और भी बेहतर बनाने में सहयोग करें। इस सेवा का लाभ उठाने हेतु लाइसेंसी के मोबाइल नं 7389494949 व 7880133312 में संपर्क किया जा सकता है ।

‘स्मार्ट स्टेशन’ के विज़न को आगे बढ़ाने महत्वपूर्ण पहल

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह कदम ‘स्मार्ट स्टेशन’ के विज़न को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेलवे प्रशासन को आशा है कि यह सुविधा पार्सल सेवाओं में गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि लाएगी। यह सेवा यात्रियों की पार्सल संबंधित आवश्यकताओं को सुगमता से पूर्ण करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। साथ ही इससे पार्सल सेवाओं में और पारदर्शिता आएगी।

सुविचार

जब नफरत का बीज पल्लवित होकर वृक्ष बन जाता है तो उसकी छाया भी हिंसा की आग भड़काती है। - अज्ञात

पाकिस्तान में तख्तापलट की संभावना

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से जहां एक ओर भारत और पाकिस्तान के बीच एक और जंग होने की संभावना बलवति हो रही है वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में तख्तापलट की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और वहां के आर्मी चीफ असीम मुनीर के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। नतीजतन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सिर्फ नाम के ही प्रधानमंत्री बनकर रह गए हैं। वहां सारे फैसले पाकिस्तानी आर्मी ले रही है। वैसे भी पाकिस्तान में लोकतंत्र सिर्फ दिखावे का रहा है। चाहे वहां किसी भी पार्टी की सरकार बने और कोई भी प्रधानमंत्री बने उसे पाकिस्तानी सेना के हाथों कठपुतली बनकर ही रहना पड़ता है, जो भी प्रधानमंत्री पाकिस्तान के आर्मी चीफ से पंगा लेने की कोशिश करता है वहां की सेना उसका तख्तापलट देती है। पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलटना कोई नई बात नहीं है। पहले पहल 1958 में तात्कालीन आर्मी चीफ अय्युब खान ने सरकार का तख्तापलटा था और खुद प्रधानमंत्री बन बैठै थे। 2009 में परवेज मुसर्रफ ने पहले कारगिल घटना को अंजाम दिया और फिर तात्कालीन प्रधानमंत्री नावाज शरीफ की सरकार का तख्तापलट दिया था। पाकिस्तान के मौजूदा आर्मी चीफ असीम मुनीर भी परवेज मुसर्रफ की राह पर चल रहे हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उनकी सरकार नाकारा साबित हुई है। पाकिस्तान के अनेक सूबों में शहबाज शरीफ की सरकार के खिलाफ फैला असंतोष अब आक्रोश के रूप में तब्दील हो रहा है। पीओके से लेकर बलुचिस्तान तक बागावत की आंधी उठ रही है, जिसे रोकने में शहबाज शरीफ की सरकार बुरी तरह विफल रही है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तो पहले ही पटरी से उतर चुकी है। आसमान छूती महंगाई ने पाकिस्तानी आवाम का जीना मुहाल कर रखा है। कुल मिलाकर सभी मोर्चे पर शहबाज शरीफ सरकार असफल सिद्ध हुई है और अब भारत से जंग का खतरा भी पैदा हो गया है। यह स्थिति आर्मी चीफ असीम मुनीर के लिए अनुकूल है। असीम मुनीर ने बगैर शहबाज शरीफ से मशवरा किए आईएसआई चीफ जनरल मोहम्मद असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी बनवा दिया है। अब वहां का सारा फैसला पाकिस्तानी सेना और आईएसआईए ही कर रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मूकदर्शक बनकर तमाशा देखने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। इस बीच यह भी खबर सामने आई है कि पाकिस्तान में तख्तापलट की साजिश में शहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज भी शामिल हैं, जो इस समय पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं उनके और पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के बीच नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में शहबाज शरीफ का तख्तापलट होना, बस वक्त की बात रह गई है। देखना यह होगा, तख्तापलट के बाद पाकिस्तान की कमान असीमा मुनीर संभालते हैं या मरियम नवाज पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनती हैं। पाकिस्तान में यदि जल्द ही तख्तापलट हो जाये तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। पाकिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए यह भी आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान में तख्तापलट के लिए ही आर्मी चीफ असीम मुनीर ने पहलगाम में आतंकी हमला कराया था। ताकि इससे भड़कर भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी सैन्य कार्यवाही करे और उन्हें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक कमजोर प्रधानमंत्री साबित करने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े और जंग के हालात के बीच वे शाहबाज शरीफ सरकार का आसानी से तख्तापलट कर खुद सत्ता पर काबिज हो सके।

पाक का अमानवीय चेहरा उजागर

पड़ोसी देश पाकिस्तान का अमानवीय चेहरा उस समय उजागर हो गया है। जब उसने वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी का दरवाजा बंद कर दिया, पाकिस्तान ने बाघा बॉर्डर बंद कर अपने ही देश के लोगों को पाकिस्तान में प्रवेश करने से रोक दिया। बाघा बॉर्डर पर हजारों की संख्या में पाकिस्तानी नागरिक बॉर्डर खुलने का इंतजार करते हुए सड़क पर ही बैठे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने एक आदेश जारी कर वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को पाकिस्तान भेजना शुरू कर दिया था। किन्तु पाकिस्तान ने दो दिनों तक बाघा बॉर्डर को बंद कर दिया। अभी भी बॉर्डर पर हजारों पाकिस्तानी नागरिक जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और मासूम बच्चे शामिल हैं, वे सड़क पर ही रतजगा कर बॉर्डर खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए भारत-पाकिस्तान पर दबाव भी बना रहा है लेकिन पाकिस्तान अपने ही लोगों के लिए बॉर्डर खोलने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान इसके पहले भी इसी तरह की अमानवीयता दिखा चुका है। जब कारगिल जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था तो उस समय भी पाकिस्तान की सरकार ने अपने ही सैनिकों का शव लेने से इंकार कर दिया था। उस समय भारतीय सेना ने ही पाकिस्तानी सैनिकों की अंतिम क्रिया की थी। पाकिस्तान जिन आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता है और भारत में उनकी घुसपैठ कराने की कोशिश करता है वे भी भारतीय सेना और सुरक्षाबलों के साथ होने वाली मुठभेड़ में मारे जाते हैं तो पाकिस्तान उन्हें भी पहचानने से इंकार कर देता है। जो पाकिस्तान अपने ही सैनिकों का शव लेने से इंकार करता है वह यदि अपने नागरिकों को वापस लेने में हील हवाला कर रहा है तो इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है।

देश को इस एकजुटता की जरूरत है

नीरज मनजीत

माना जा सकता है कि चूक हुई है। इसकी जांच केन्द्र की बहुत सी एजेंसियां कर रही हैं। सोशल मीडिया के इन वीर बहादुर महानुभावों को 2014 के पहले के हालात का स्मरण दिलाना जरूरी है, जब शहर-दर-शहर बम विस्फोट हो रहे थे, जिनमें सैकड़ों निर्दोष नागरिक मारे गए थे। क्या हम सन 2008 के 26/11 के बर्बर मुंबई हमले को भूल जाएं? तब छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज पैलेस एंड टॉवर, लियोपोल्ड कैफे, कामा अस्पताल, नरीमन हाउस, यहूदी समुदाय केन्द्र, मेट्रो सिनेमा, टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग और सेंट जेवियर कॉलेज के पीछे एक लेन में आठ सीरियल हमले हुए थे। मंझगाव और विले पार्ले इलाके में टैक्सियों में बम विस्फोट हुए थे। इन हमलों में 160 से ज्यादा मासूम लोग मारे गए थे और 300 से ज़्यादा मासूम नागरिक घायल हुए थे। उस वक्त न तो केन्द्र सरकार कहीं दिखाई पड़ रही थी, न उसकी एजेंसियों का अता पता था।

सच तो यह है कि पहलगाम में निष्कलुष सैलानियों की बर्बर हत्या सिर्फ भारत की आत्मा पर ही हमला नहीं है, बल्कि यह कश्मीर और कश्मीरियत की रूह पर भी अमानवीय हमला है। इस हमले के बाद पक्ष-विपक्ष सहित पूरे देश में जो एकजुटता देखी गई, वह अभूतपूर्व है। कश्मीर में भी तकरीबन सारे बाशिंदे इस वारदात की वजह से व्यथित थे। उमर अब्दुल्ला ने जब कश्मीर की विधानसभा में वारदात की जिम्मेदारी लेते हुए मृत सैलानियों के परिवारों से माफी मांगी, तो उनकी आवाज़ का दर्द साफ महसूस किया जा सकता था।

महबूबा मुफ्ती ने भी जिस वक्त इस घटना की भर्त्सना करते हुए बयान दिया, तो आवाज उनके दिल से निकली थी और उनकी व्यथा भी साफ झलक रही थी। असदुद्दीन ओवैसी तो लगातार आईएसआई, पाकिस्तान की सेना, उसके हुक्मरानों और पाक समर्थित दहशतगर्दों को कोस रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सरकार की व्यथा का तो अंदाज़ा लगाना भी मुश्किल है। इसलिए कि मोदी और शाह ने कश्मीर को वापस पटरी पर लाने, उसे भारत की मुख्यधारा से जोड़ने, उसे संवारने और तरक्की के रास्ते पर डालने के लिए भगीरथ प्रयत्न किए हैं।

इन प्रयत्नों का असर नजर आने लगा था। घाटी में अमन की बहाली का रास्ता खुला था। कश्मीरी लोग एक बार फिर भारत की मुख्यधारा में आ रहे थे। पत्थरबाजी खत्म हुई थी और आतंकी वारदातों में काफी कमी आई थी। सारे देश में इसका प्रभाव दिखाई दे रहा था। घाटी में सैलानियों की तादाद में भारी बढोत्तरी हो रही थी। इसका सीधा फायदा आम कश्मीरी को हो रहा था। जम्मू-कश्मीर तरक्की की ओर बढ़ चला था। संयुक्त अरब अमीरात की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी एम्मार श्रीनगर में 6 करोड़ डॉलर यानी 480 करोड़ रुपए के निवेश से एक शॉपिंग मॉल और एक ऑफिस कॉम्प्लेक्स बनाने वाली थी। भारत में एम्मार के मुख्य कार्यकारी

अधिकारी अमित जैन का कहना था कि इस निवेश से कश्मीर में तक़रीबन आठ हजार नौकरियां पैदा होंगी। यूएई की ही एक बड़ी वित्तीय सेवा कंपनी सेंचुरी फाइनेंशियल ने भी जम्मू कश्मीर में 100 मिलियन डॉलर के निवेश के एक समझौते पर दस्तख़त किए थे।

भारतीय मुद्रा में यह राशि 800 करोड़ रुपए बैठती है। इस इन्वेस्टमेंट के तहत जम्मू-कश्मीर में तीन होटल और एक आवासीय परिसर का निर्माण किया जाना था। सेंचुरी फाइनेंशियल के मालिक बालकृष्ण मूल रूप से जम्मू के डोड़ा जिले के निवासी हैं और वे जम्मू-कश्मीर की तरक्की के लिए प्रतिबद्ध थे। अब इस क्रूर आतंकी हमले के बाद जब हम एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं, तब ये सारी परियोजनाएं खटाई में पड़ सकती हैं।

स्पष्ट है कि मोदी, शाह और भाजपा के साथ-साथ हम सब देशवासी एक खुशहाल, विकसित और फूल की तरह खिले हुए कश्मीर का स्वप्न देख रहे थे। ऐसा कश्मीर जो दुनिया के नक्शे पर एक प्रतिमान बनकर उभरे। इसीलिए जब 2023 में भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तो टूरिस्ट वर्किंग ग्रुप की एक बड़ी बैठक श्रीनगर में रखी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय यूनियन और साउथ अफ्रीका जैसे 17 ताकतवर देशों के 60 डेलिगेट्स शामिल हुए थे। उनके साथ कवरेज के लिए वैश्विक बिरादरी के बड़े हलकों के मीडियाकर्मी भी आए थे। इसका मतलब बिल्कुल साफ था। केन्द्र सरकार दुनिया को यह संदेश देना चाहती थी कि कश्मीर में हालात काफी हद तक सामान्य हो चले हैं। यह जरूरी था, क्योंकि उस वक्त पाकिस्तान दुनियाभर में यह प्रोपेगैंडा फैला रहा था कि कश्मीर में अवाम को दबाया जा रहा है।

22 अप्रैल को आतंकियों की बन्दूकों से निकली गोलियों की आवाज ने देश के इस सपने को तोड़कर एक बार फिर हमें कड़वे यथार्थ के धरातल पर ला खड़ा किया है। हमें उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत इतना आगे बढ़ चुका है और दुनिया इतनी बदल चुकी है कि वक्त हमें लौटाकर वापस सदी के पहले दशक में नहीं ले जाएगा। कश्मीर को आर्टिकल 370 और 35-ए की बेड़ियों से आजाद कराना कत्तई आसान नहीं था। तुष्टीकरण की भयावह राजनीति के चलते पूरा विपक्ष इन धाराओं को हटाने के खिलाफ खड़ा हुआ था। 370 और 35-ए हटने के बाद भी समूचा विपक्ष तुष्टीकरण का कोई मौका नहीं छोड़ रहा था। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और आखिर सुप्रीम कोर्ट को कड़ी फटकार लगाते हुए कहना पड़ा कि अनुच्छेद 35-ए ने नागरिकों के कई मौलिक अधिकार छीन लिए थे। इसने जम्मू कश्मीर के बाहर के नागरिकों से वहां रोजगार, अवसर की समानता, संपत्ति अर्जित करने के अधिकारों को छीना था।

इस फैसले के बाद वक्ती तौर पर बयानबाजी थोड़ी शांत हो गई थी। मगर जैसे ही जम्मू-कश्मीर में चुनावों का ऐलान हुआ, इन प्रावधानों का जिन्न पुनः बाहर निकल पड़ा। यह चुनाव कश्मीर को ग़ुरबत के अंधेरों से निकालने अथवा तरक्की के रास्ते पर डालने के वादों-इरादों के बजाए इन प्रावधानों को हटाने के मुद्दे पर लड़ा गया और जीता गया। सकारात्मक बात यह रही कि लोकतंत्र की बहाली और पूर्ण राज्य होने की दिशा में कश्मीर एक बड़ा कदम उठाकर आगे बढ़ गया था।

हम मानते हैं कि आर्टिकल 370 और 35-ए की वापसी के पक्ष में आए नतीजे कश्मीर के अवाम के वक्ती तौर पर उठे जज़्बात का इज़हार थे। माना जा रहा था कि जैसे-जैसे कश्मीर तरक्की और ख़ुशहाली के रास्ते पर और आगे बढ़ेगा, पर्यटकों की तादाद बढ़ेगी, वहां का अवाम इन सर सारी बातों को भूलकर बाकी दुनिया के साथ चल निकलेगा। ऐसा हो भी रहा था। यही बात पाकिस्तान में बैठे दहशतगर्दों के आकाओं और घाटी के चंद गुमराह उग्रवादियों को रास नहीं आ रही थी।

पहलगाम हमले के पीछे एक बड़ी वजह और भी है। कुछ महीने पहले खबरें आ रही थीं कि इजराइली आर्मी के हाथों मार खा कर हमास के कुछ भगोड़े आतंकवादी पीओके में घुस आए हैं। आईएसआई और पाक आर्मी ने बाखुशी इनका इस्तकबाल किया था। इन खबरों के बाद भारतीय आर्मी और खुफिया एजेंसियों के कान खड़े हो गए थे। इनपुट भी मिल रहे थे कि घाटी में आतंकी हमला हो सकता है, मगर किसी को यह अंदाज़ा नहीं था कि हमास की शैली में पर्यटकों को निशाना बनाया जा सकता है। हमारा विपक्ष और सोशल मीडिया में झूठ और अफ़्वाहों की फैक्ट्री चलानेवाला मोदी भाजपा का अंध-विरोधी इकोसिस्टम बड़े ही नकारात्मक तरीके से इसे इंटेलिजेंस फेलियर बता रहा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1660 में आज ही के दिन स्वीडन, पोलैंड और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1764 में 3 मई के दिन बंगाल के नवाब मीर कासिम को अंग्रेजों ने हराया था। 1845 में आज ही के दिन चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1,600 लोगों की मौत हो गई थी। 1913 में आज ही के दिन पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र का प्रदर्शन हुआ था। 1961 में आज ही के दिन कमांडर ऐलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी यात्री बने थे। 1965 में आज ही के दिन कंबोडिया ने अमेरिका के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए थे। 1969 में आज ही के दिन भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का निधन हुआ था।1981 में आज ही के दिन भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री नरगिस का निधन हुआ था। 1989 में आज ही के दिन देश के पहले 50 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का हरियाणा में शुभारंभ हुआ था।1993 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कृत्य कर भागते

कृत्य कर भागते न, यदि होते बीर तुम। पहुंचाते हम तुझे,शीघ्र अति हूर धाम।। नाम धर्म पूछकर, किया है अघात तूने। तुझको मिटाना अब,अपना प्रथम काम।। ध्यान धर बात सुन,प्रण आज ठान रहे। सोच से अधिक अब,सब पूर्ण इंतकाम।। लातों वाले भूत तुम, बातों से न माने कभी। एक ही इलाज तेरा,राम नाम सत्य नाम।।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

ताप में तप रहा

ताप में तप रहा वह मददगार था। ईंट सर पर लिए इक तलबगार था। रात दिन खट रहा भूख मिटती नहीं - दर्द दिलमें उफनता सगर ज्वार था।।

- राजकिशोर मिश्र 'राज'

.ख़ास.पाती. | लोग दुखद समाचार डालते हैं

लोग दुखद समाचार डालते हैं, सहानुभूति दिखाते हैं फिर कुछ घंटों बाद मनोरंजन में शामिल फोटो अपलोड करते हैं। मैं ऐसे लोगों की खुलकर निंदा करती हूं माना कार्यक्रम में शामिल होना जरूरी है परंतु बाद में भी शेयर किया जा सकता है की हम दुख और सुख साथ मना लेते हैं। एक तरफ विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं, कुछ समय बाद बधाई के फोटो शेयर करते हैं। **- रीता पांडेय**

आप सब नवरस के बारे में जानते हैं ना.

आप सब नवरस के बारे में जानते हैं ना...अगर नहीं जानते तो गूगल में सर्च कीजिये और 10वाँ रस है सनिन्दार... अहा !इसका पान करने के पश्चात मन आह्लादित... प्रफुल्लित और ऊर्जावान हो जाता है...तो आइए इंतजार करें किसी नेता के जुबान फिसलने की फिर सोशल मीडिया पे सामूहिक निंदा रस का गान करें... **- तनु देहलवी**

चूल्हा रोया रोटियों की राख में पलती

चूल्हा रोया रोटियों की राख में पलती रही, धूप दिनभर माथे की इस छाँव में जलती रही। आँच पर पकती दुआएँ, सिल गईं चुपचाप होंठ, धड़कनों की चुप फ़िज़ा में आँसुएं पलती रही। काँच की चूड़ी में बँधे टूटते ख़्वाबों के रंग, हँसते चेहरों में उदासी हर घड़ी चलती रही। चप्पलें घिसती रहीं सपनों की पथरीली डगर, थकते कंधों पर भी आशा चुपके से खिलती रही। थालियों में नर्म रोटी और कुछ नमकीन ख़्वाब। भूख ने भी प्यार से कुछ दास्ताँ कहती रही। **- रूबी झा 'कमल'**

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में , खदानों में , और वो अनगिनत जगहों पर, जहाँ मिलता है मुझे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ और अपने परिवार के भरण पोषण का साधन!! "मैं मजदूर हूँ"! नव जीवन हूँ, उन अनेक कारखानों का जिसकी रफ्तार कभी कम नही होती क्योकि, मैं अपने खून पसीने से उसकी रफ़्तार को कम नही होने देता! नही रुकते कदम मेरे किसी भी परिस्थिति में क्योकि, मेरे चलने से ही मेरे घर के चूल्हे जलते है। ये अभिमान नही मेरा स्वाभिमान है, अंधियारे घर मे एक छोटे दिए का प्रकाश हूँ, "मैं मजदूर हूँ"!! - **सपना परिहार**

मोदी जी राहुल गांधी के सबसे बड़े फैन है

मोदी जी राहुल गांधी के सबसे बड़े फैन है वे राहुल की बहुत सारी सलाह या मांग को धीरे धीरे पूरा कर रहे हैं चूंकि राहुल विरोधी दल का है इसलिए राहुल की मांग को तत्काल पूरा नही करते चाहे कमजोर वर्ग को नकद सहायता राशि की बात हो या फिर जाति जनगणना की तटस्थ भाव से आंकलन करने पर राहुल की बहुत सारी मांगो को पूरा कर रहे है **- संत आर थवाइत**

हर तरह के लोगों का अलग अलग समुह है

हर तरह के लोगों का अलग अलग समुह है।सोसल मीडिया पर भी ।एक ट्रेफिक लाइट पर भिखारी को एक का सिक्का दिया तो बोला मेरे साथ अन्याय क्यों कर रहे हो।पिछ्ले चौक में तो आपने दस का नोट दिया था । तुम्हें कैसे मालूम पुछने पर अपना मोबाइल दिखाते हुवे बोला देखो उसने व्हाट्सएप के ग्रुप में डाला है। ओह तो भिखारियो का भी अपना व्हाट्सएप ग्रुप है।

- तपन मुखर्जी

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

वंदे-भारत

विजय कुमार गुप्ता

नित एक ध्येय से देश मीत, राष्ट्र-हित में गाते हैं।
राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।
हत्या लूट साजिश खबरें ही, नित्य बहुत प्रसारित हो।
देखते व्यथित घटना बहस, पर सत्य सदा बाधित हो।
सक्षम भारत बना विश्वगुरु, आत्म-बल अनुशासित हो ।
आत्म-निर्भर भारत के सब, निर्णय अति प्रशंसित हो।
दुर्बल भारत निहारते थे, इसे सभी बिसराते हैं।
राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) मस्त्रवीस जो बाबर द्वारा मुस्लिम कानून के नियमों का संग्रह है, उसका नाम है:

2) कौन मध्य प्रदेश विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे?

3) अंग्रेजों द्वारा स्थापित प्रथम व्यापार केंद्र कौन-सा था?

4) कौन सा सबसे स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र है? (वन / समुद्री)

5) हाल ही में किसे कठपुतली नाट्य में अमूल्य योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुबईन (2) पंडित रविशंकर शुक्ल (3) सूरत (4) समुद्री (5) 96 वर्ष की भीमव्वा डोड्डाबलप्पा शिल्लेक्याथारा

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:51, सूर्यास्त : 06:56,चन्द्रोदय : 09:19, चन्द्रास्तः ??24:13, अयन :उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : धृति,प्रथम करण : बालव (09:14 तक),द्वितीय करण : कौलव (20:27 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मिथुन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, सर्वार्थ सिद्धि योग : 13:04 से 29:32 रवियोग : 13:04 से 29:32, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:54 से 19:15, सायाह्न सन्ध्या : 18:55 से 19:59, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:34 से 17:15, दुर्मुहूर्त : 08:13 से 09:07, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (09:14 तक), चन्द्र वास : पश्चिम, शिववास : कैलाश पर (09:14 से नन्दी पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा गंभीर नही रहेंगे घर एवं बाहर मसखरी के मूड में रहेंगे परिजनों की गंभीर बातों को भी नजरअंदाज करने पर फटकार सुन्नी पड़ेगी।

वृषः आज का दिन आप शांति से एकांत में बिताना पसंद करेंगे मध्यान तक आपकी कामना पूर्ण भी होगी लेकिन इसके बाद कार्य बोझ बढ़ने से चैन से बैठ भी नही पाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके मन के अनुरूप रहेगा। आज आप दिनचार्य को शानदार रूप से बिताना चाहेंगे।

कर्कः आज का दिन आपको हानिकारक रहेगा। आज स्वयं लिए निर्णय गलत ही रहेंगे इस लिये आज कोई भी बड़ा कार्य अथवा निवेश करने से बचें।

सिंहः आज के दिन आप घरेलू आवश्यकता की पूर्ति के लिये खरीददारी पर खर्च करेंगे व्यवसायी वर्ग व्यवसाय में अकस्मात बढ़ोतरी होने से ज्यादा व्यस्त रहेंगे।

कन्याः आज दिन का आरंभ बेहत ढीला रहेगा आज आप घरेलू कार्यो में उलझ कर रह जाएंगे।

तुलाः आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाये प्रबल रहेंगी दिन के आरम्भ में पूजा पाठ में व्यस्त रहेंगे धार्मिक क्षेत्र की यात्रा भी होगी।

वृश्चिकः आज के दिन आप सावधानी से बिताये स्वयं अथवा किसी अन्य के कारण परेशानी में पड़ सकते है।

धनुः आज के दिन आप घर अथवा कार्य क्षेत्र पर जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अवश्य ही सफल होंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिये मिला जुला रहेगा। सेहत आज शिथिल रहने के कारण कार्यो के प्रति ज्यादा गंभीर नही रहेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिये बेचैनी भरा रहेगा दाम्पत्य जीवन मे खरा ना उतर पाने की ग्लानि मन मे दिनभर रहेगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए अशान्त रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से झगड़ा होने की संभावना है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

1		3	■	■	4		5	■
	■	6	7			■	8	9
10				■		■	11	
	■	■	12	13		14		■
15	16		■		■		■	17
■		■	18		19		■	
20				■	21		■	
22		■		■		■	23	
24		■	■	■	25			■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	टट्टू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

संक्षिप्त खबरें

दिनेश मिरानिया के परिवार को साय सरकार देगी 20 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के दिनेश मिरानिया के परिवार को साय सरकार ने 20 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, दिनेश मिरानिया की हत्या अत्यंत पीड़ादायक है. यह अपूरणीय क्षति है।सीएम ने कहा, राज्य सरकार स्व. दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिवार को 20 लाख रुपए की सहायता देगी। पूरा प्रदेश इस दुःखद घड़ी में उनके परिवार के साथ है. जिन आतंकवादियों ने इस घृणित कार्य को अंजाम दिया है उन्हें सजा अवश्य मिलेगी। दिनेश मिरानिया (45) को जिस दिन गोली मारी गई, उसी दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने बैसरन घाटी गए थे. वहां पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने गोलियों से भून डाला। पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की थी. शाह ने कहा था कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

राज्यपाल डेका से राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने सामाजिक सम्मेलन के लिए कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रण दिया। गुड़िया सेन, आनंद देव और ओम प्रकाश जोशी साथ में उपस्थित थे ।

राज्यपाल डेका से केंद्रीय राज्य मंत्री राणा ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से गुरुवार को राजभवन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह राणा ने सौजन्य भेंट की। डेका ने राजकीय गमछा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

पीएम आवास की बड़ी सौगात सीएम साय ने हितग्राहियों से की बात

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को सौगात दी। महानदी भवन में आयोजित

कार्यक्रम में सीएम साय ने हितग्राहियों के खाते में राशि ट्रांसफर की। जहां 2500 परिवारों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी की गई। आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों को भी राशि जारी की गई। केंद्र सरकार ने 15 हजार आवास स्वीकृत किए हैं। जिसके लिए कुल दस करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किये गए। प्रथम किस्त के रूप में 2500 परिवारों को 40-40 हजार रुपए जारी किए गए। मुख्यमंत्री राशि अंतरण कार्यक्रम में मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े। सीएम ने 17 जिलों के हितग्राहियों से की बात की और आवास निर्माण के लिए पहली किस्त मिलने पर बधाई दी। इस कार्यक्रम में पंचायत मंत्री विजय शर्मा मौजूद रहे।

सुशासन तिहार : राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान और जमीनी स्तर पर बदलाव की नई शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आम नागरिकों की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के लिए संचालित सुशासन तिहार के तहत् कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की टीम द्वारा समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जा रहा है, जो सराहनीय है। राजस्व विभाग द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु किए जा रहे पहल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक ही नहीं बल्कि आम जनता को राहत देने वाले ठोस प्रयास भी हैं।

सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण-सुशासन तिहार के इतर सामान्य दिनों में राजस्व विभाग के समक्ष आने वाले सबसे सामान्य लेकिन जटिल प्रकरणों में सीमांकन की समस्या प्रमुख है। पहले इन प्रकरणों के निराकरण में काफी समय लग जाता था, जिससे आम जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन सुशासन तिहार के दौरान इन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान जा रहा है। ग्राम चौकबेड़ा के किसान ब्रज प्रसाद की भूमि का सीमांकन वर्षों से लंबित था, जिससे खेती करना मुश्किल हो गया था। अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा दो दिनों के भीतर सीमांकन कर दिया गया, जिससे किसान परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी तरह उपतहसील पटेवा अंतर्गत किसान पंचराम और झाखरमुडा में ग्रामीणों के भूमि का सीमांकन की कारवाई की गई ।

छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान-इस अभियान में केवल बड़े प्रकरणों पर ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन से जुटी छोटी-छोटी समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। भू-अभिलेख की प्रतिलिपि, सीमांकन रिपोर्ट की प्रति, किसान किताब, भूमि स्वामित्व की त्रुटियों का संशोधन, खातों की अद्यतन जानकारी जैसी छोटी-छोटी लेकिन संवेदनशील समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है।

किसान किताब और दस्तावेजों का वितरण

अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बसना तहसील अंतर्गत ग्राम डूमरपाली के किसान महेशराम, ग्राम जगत के मीन केतन और राजकुमार को तहसीलदार द्वारा किसान किताब का वितरण किया गया।

महतारी वंदन योजना की 15वीं किश्त जारी

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज एक तारीख को माह मई 2025 की पंद्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है. योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

आधारकार्ड अपडेट कराने की अपील-महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो. ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है. कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

राजधानी में हिट एण्ड रन, तीन लोगों को ठोकर मारकर कार चालक फरार

- **एक महिला की मौत, सीसीटीवी फुटेज में आया भयानक मंजर**



रायपुर /नवप्रदेश। रिश्तेदार के घर आई प्रिया साहू को क्या मालूम था कि शुक्रवार को वह अंतिम बार मॉर्निंग वॉक पर निकलेगी। अज्ञात कार चालक ने प्रिया के साथ उसकी रिश्तेदार रिया साहू और एक अन्य ललिता बंजारे को सुबह-सुबह ठोकर मारकर फरार हो गया। हादसे में प्रिया की मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता बंजारे गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती हैं। मुंगेली की रहने वाली प्रिया साहू सिंधी कालोनी निवासी रिया के घर आई थी। आज सुबह प्रिया और रिया के साथ ललिता बंजारे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान अज्ञात कार चालक ने तीनों को चपेट में ले लिया। सीसीटीवी फुटेब में नजर आ रहा है कि कार की ठोकर से प्रिया कई फीट ऊछल कर सीधे सिर के बल सड़क पर जा गिरी, वहीं रिया और ललिता भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रिया की हादसे में जहां मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया है।

राजधानी में हिट एण्ड रन के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। करीबन महीने भर पहले पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी थी। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आरोपी कार चालक दुर्घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। इसके एक महीना पहले 5 फरवरी को रायपुर के वीआईपी रोड पर आधी रात को नशे में धुत कार चालक ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी थी।

नवरंग स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नवरंग पब्लिक स्कूल में ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी से जुड़े मामले में कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर के आदेश दिए। इस पर संज्ञान लेते हुए टिकरापारा थाना पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्कूल की कर्मचारी कनिज फातिमा असरफी के पक्ष में रायपुर कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मामले में पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल संचालित करने वाली प्रियंवदा लोक कल्याण समिति की कोषाध्यक्ष शशि प्रभा पांडे (शासकीय शिक्षक बीरेंद्र पांडे की पत्नी), उसकी बेटी प्रियमदा पांडे, अर्पणा पांडे (प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के सचिव दीपक पांडे की पत्नी), ड्रीम इंडिया स्कूल की प्रिंसिपल नेहा तोलवानी और रजनी दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

हनुमान मंदिर का भूमिपूजन

घोड़े पर यहां पहुंचे थे श्रीबजरंगबली रोचक है मंदिर का इतिहास

रायपुर/ कूंरा /धरसीवां/नवप्रदेश धरसीवां की पावन भूमि पर एक दिव्य अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिन सिद्ध हनुमानजी ने गुलामी के दौर में घोड़े पर सवार होकर अपनी चमत्कारी उपस्थिति से इस क्षेत्र को आलोकित किया था, अब उन सिद्ध प्रभु हनुमानजी का धरसीवां में भव्य मंदिर बनेगा इसके लिए अक्षय तृतीया के पावन दिन भूमिपूजन संपन्न हूं। जिसमे प्रदेश के मंत्री विजय शर्मा, विधायक अनुज शर्मा और हनुमान मित्र मंडली के सदस्य व हनुमान जी के परम भक्तों की उपस्थिति रही। केबिनेट की बैठक के कारण राज्य शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सुबह करीब दस बजे अल्प समय के लिए भूमिपूजन समारोह में सामिल हुए उनके साथ क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा भी मौजूद रहे उन्होंने भूमिपूजन करते हुए विश्वास दिलाया कि श्रीराम भक्त हनुमानजी का मंदिर भव्य बनाने में वह हर संभव सहयोग करेंगे।

श्री हनुमान मित्र मंडल के प्रेरणा स्रोत स्वरूपनारायण अग्रवाल जिनका यह सपना था कि धरसीवां में सिद्ध प्रभु हनुमानजी जी का भव्य मंदिर बने उन्होंने भूमिपूजन के साथ ही मंदिर निर्माण के लिए पांच लाख रुपए का नगद दान किया। भूमिपूजन में हनुमान मित्र मंडल के सदस्य राकेश यादव, भूपेंद्र कसार, दुर्गेश अग्रवाल, संदीप जैन, दिनेश निहाल, केशव नायरायण, कन्हैया राजा, योगेश मनाराम, सालिगराम टी आई राजेंद्र दीवान सहित बड़ी संख्या में हनुमानजी के भक्त दानदाता मौजूद रहे।

मनहूस रात! दो युवकों की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर /नवप्रदेश। गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यिानी रात आंधी-तूफान के बीच प्रदेश में दो अलग-अलग जगहों पर युवकों की बेरहमी से साथ हत्या को अंजाम दिया गया. राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक विकलांग युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। वहीं दूसरी ओर कोरबा में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की हत्या कर दी गई। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अछोली गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक की लहूलुहान हालत में युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान 28 वर्षीय भीम नेताम के रूप में हुई है। एक पैर से दिव्यांग युवक गांव के एक किराना दुकान में काम करता था। भीम नेताम का शव गांव के शासकीय स्कूल परिसर में मिला है, जहां बीती रात एक शादी समारोह का आयोजन किया गया था. ग्रामीणों ने बताया कि शादी समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन रातभर किसी ने भी स्कूल परिसर में पड़े शव की ओर ध्यान नहीं दिया. शुक्रवार सुबह जब गांव के एक व्यक्ति की नजर शव पर पड़ी, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।। सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर चाकू से गोदने के कई निशान मिले हैं, वहीं मौके को देखने से स्पष्ट हो रहा है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को स्कूल परिसर में लाकर फेंका गया। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया, जो साक्ष्यों की गहन जांच में जुटे हैं। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि गांव के कई लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर कर दी हत्या -वहीं कोरबा के श्यांग थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने की घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी युवक धोबी राम मंझवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दो हत्याओं से तिल्दा नेवरा में सनसनी-वहीं राजधानी से लगे तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में दो दिन के भीतर दो हत्याओं से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पहली हत्या बुधवार को तुलसी गांव स्थित बिजली ऑफिस के पीछे खार में हुई थी, यहां अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसका चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। दूसरी हत्या गुरुवार को बेमता गांव के गड़रिया नाला के पास ही हुई थी, यहां भी पत्थर से सिर कुचलकर अज्ञात हत्यारों ने युवक की हत्या की। मृतक की पहचान लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट निवासी सांकरा के रूप में हुई। पुलिस दोनों मामलों में हत्यारों की तलाश में जुटी है।

भगवान परशुराम जयंती : वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने जयस्तंभ चौक में बांटा प्रसाद

- **कई स्थानों पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कई जगह पर भगवान श्री परशुराम की जन्मोत्सव मनाया गया। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद ने भगवान श्रीपरशुराम का जन्मोत्सव प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सुबह 11.00 बजे प्रदेश कार्यालय, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।

भगवान श्रीपरशुराम की सीख - जीवन में शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उपयोगी हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन युवा विंग अध्यक्ष अविनय दुबे और राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा के द्वारा शाम 5.00 शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में प्रसाद और शीतल पेय का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, प्रदेश महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन झा, अभिषेक त्रिपाठी, रवि शर्मा, सुमन मिश्रा, राकेश पाण्डेय, राघवेन्द्र पाठक, सतीश शर्मा, उमेश शर्मा, विकास तिवारी, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, स्वप्निल शर्मा, सुयश शर्मा, अंकुर ओझा आदि विप्रजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के साथ कौशल विकास के लिए हुआ एमओयू

कौशल विकास आज की जरूरत: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार 2 मई को एनआईटीआई - स्टेटस वर्कशॉप के आयोजन में शामिल हुए। यहां रोजगार और स्किल डेवलपमेंट को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के अलग-अलग जगहों से यहां कई युवा पहुंचे। इस कार्यक्रम में ट्रेनिंग लेकर प्लेसमेंट पाने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। आज मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कई युवाओं को

रोजगार मिल रहा है।

इस कार्यक्रम के दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा और छग कौशल विभाग के बीच एमओयू हुआ और नांदी फाउंडेशन के साथ भी स्व्ह हुआ। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग और नैसकॉम के बीच एमओयू हुआ।

सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं:सीएम साय- सीएम साय ने कहा की आज के समय में एसे वर्कशॉप की आवश्यकता है। जिससे कार्यशाला महिला,युवा और ट्राइबल को फोकस करके रखा जाए। आज के समय में सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, इसलिए कौशल प्रशिक्षण और रोजगार देकर सशक्त बना रहे है यह कार्यशाला बहुत सार्थक है। यह बहुत खुशी की बात है की प्रदेश के युवाओं को ट्रैक्टर बनाने का प्रशिक्षण मिल सकेगा। ट्राइबल क्षेत्रों में अनेक फॉरेस्ट प्रोड्यूस है, इन सब में स्किलिंग करके ट्राइबल क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

बदलाव — नए नियम से रजिस्ट्री कराने में अब हुई आसानी

न पटवारी न तहसीलदार, रजिस्ट्री होते ही बी-वन खसरे में मालिक का नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन-जायदाद के पंजीयन के मामले में एक बड़ी पहल अब रंग ला रही है। सरकार ने यह व्यवस्था बनाई कि पंजीयन होने के तुरंत बाद संपत्ति खरीदने वाले के नाम पर नामांतरण हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत एक दिन पहले ही बलौदाबाजार जिले में एक रजिस्ट्री की गई। जैसे ही रजिस्ट्री हुई, मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। अब नामांतरण के लिए पटवारी, तहसीलदार के पास जाने की जरूरत हमेशा के लिए खत्म हो गई है।

अब खत्म हुई ये झंझट-

यह प्रक्रिया शुरु होने से पहले नामांतरण के लिए तहसीलदार के कई चक्कर काटने के बाद चढ़ावा चढ़ाने के बाद नामांतरण होता था, लेकिन बी-वन में नाम में गलती होती थी या कर दी जाती थी, फिर इस नाम सुधरवाने के लिए कई चक्कर लगाना पड़ता था। नाम तो सुधर जाता था, लेकिन पटवारी बी-वन खसरा को डिजिटल नहीं करते थे। उसके लिए घूमना पड़ता था। पर अब सारे चक्कर का एक मिनट में समाधान हो गया है। रजिस्ट्री होते ही नामांतरण बी-वन खसरा में त्रुटि की झंझट नहीं होगी और न पटवारी से डिजिटल कराने की झंझट होगी। रजिस्ट्री के साथ सब कुछ ऑटोमेटिक होगा। नामांतरण, डिजिटल बी-वन, खसरा, नाम में कोई त्रुटि नहीं होगी।

पहले ऑटोमेटिक नामांतरण इनके नाम -बताया गया है कि बलौदाबाजार जिले में विक्रेता राजेंद्र प्रसाद पिता काशी प्रसाद ने क्रेता प्रसन्न शुक्ला पिता प्रवीण शुक्ला ग्राम लिमही तहसील बलौदाबाजार को अपनी जमीन बेची थी। जैसे ही यह रजिस्ट्री हुई मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। इधर, नवा में दर्ज हो गया। इधर नवा रायपुर में भी एक रजिस्ट्री और नामांतरण हुआ है। श्रीमती पिटु ब्रम्हा व अन्य ने मंदिर हसौद की अपनी जमीन वेदप्रकाश सिन्हा को बेची। पंजीयन के बाद फौरन नामांतरण हुआ है।

खरीदार के नाम प्रमाणपत्र भी जारी हो गया। खसरा में यह दर्ज किया गया है कि जमीन का स्वतः नामांतरण किया गया। एक और ऐसी ही रजिस्ट्री आरंग में भी हुई है। यहां विक्रेता चंद्रमणि अग्रवाल व अन्य के नाम की जमीन ओम अग्रवाल के नाम पर होने के बाद स्वतः नामांतरण हो गया। राज्य शासन इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पंजीयन के बाद नामांतरण की जटिल प्रक्रिया को समाप्त करने के इरादे से सरकार ने अधिनियम में संशोधन भी किया था।

अब संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपत्ति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है। लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी।

न्यूज गैलरी

विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रवेश 15 मई तक आवेदन जमा करें

नारायणपुर/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति अबुझमाड़िया आवासीय विद्यालय, ओरछा (गरांजी) द्वारा प्राप्त प्रस्ताव अनुसार जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति अबुझमाड़िया आवासीय विद्यालय, ओरछा (वर्तमान संचालित गरांजी) में शिक्षण सत्र 2025-26 हेतु कक्षा पहली (बालक 10, कन्या 10), छठवीं (बालक 10, कन्या 10) आठवीं (बालक 01, कन्या 01) और नववीं (बालक 01, कन्या 01) में प्रवेश दिया जाना है, जिस हेतु जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति (अबुझमाड़िया) छात्र छात्राओं से आवेदन पत्र 30 अप्रैल तक निर्धारित किया गया था। अब उसे संशोधित करते हुए छात्राओं से आवेदन पत्र 15 मई तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर एवं विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय, ओरछा (वर्तमान संचालित गरांजी) में कार्यालयीन अवधि में आमंत्रित की गई है। विद्यालय में प्रवेश की जानकारी पृथक् से दी जाएगी।

नक्सल प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जाएगी : राज्यपाल

कांकेर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में बस्तर क्षेत्र के कांकेर नारायणपुर और सुकमा जिले के नक्सल हिंसा से पीड़ित ग्रामीणों ने मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डेका ने नक्सल पीड़ितों को हर संभव मदद् देने की बात कही।राज्यपाल डेका ने सभी पीड़ितों से बात चीत की। शासन की ओर से नक्सल हिंसा से प्रभावित ग्रामीणों को जो सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है उस राशि का सदुपयोग करने कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की विशेष पहल पर केंद्र शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सतत् कार्रवाई की जा रही है तथा वर्ष 2026 तक इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इन क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाये जा रहे हैं, जिससे ये क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदा से भरपूर बस्तर क्षेत्र में विकास एवं पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्यपाल डेका ने कहा कि नक्सल हिंसा में जो दिव्यांग हुए हैं उनको आत्म निर्भर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने नक्सल हिंसा से दिव्यांग हुए सुकमा जिले के ग्राम चिंता गुफा निवासी राहुल सोड़ी का इलाज एम्स रायपुर में कराने के निर्देश दिया गया।

अंतागढ़/नवप्रदेश। पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा मजदूर दिवस के दिन बोरे बासी दिवस के रूप में, मनाती रही इस परंपरा को आगे बढ़ते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अंतागढ़ के राजीव भवन कार्यालय अंतागढ़ में कार्यकर्ताओं द्वारा बोरे बासी खाकर मजदूरों के भोजन का सम्मान कर सभी एक दूसरे को मजदूर दिवस को बधाई दिया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पार्षद गण उपस्थित थे।

ओरछा विकासखण्ड में जनचौपाल, ग्रामीणों को मिला आश्वासन

ग्रामीणों ने दिए मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन

नारायणपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से जिले के सभी 112 ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज ओरछा विकासखण्ड के 36 ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जनचौपाल में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी। सभी नोडल अधिकारियों ने निर्धारित ग्राम पंचायतों के जनचौपाल में उपस्थित होकर ग्रामीणों से मांगों, समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदनों को लिया और त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। जनचौपाल कार्यक्रम क्लस्टर कोहकामेटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांगुड, आदनार, मुरनार, गारपा, घमण्डी, कोहकामेटा, कंदाडी, झारावाही, कच्चापाल, कुंदला, कोंगे, मेटानार, गोमे एवं क्लस्टर कोडोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेड़नार, पदमकोट, कुतुल, कलमानार, कोडोली एवं कस्तुरमेटा, धुरबेड़ा तथा क्लस्टर ओरछा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोमागाल, ओरछा, गुदाड़ी, मुरूमवाड़ा, लंका, पिड़ियाकोट, डूंगा, आदेर, कोडोली, थुलथुली, पोचावाड़ा, हान्दावाड़ा, मंडाली, जाटलूर, हिकुल, ढोडरबेड़ा एवं रेकावाया में आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, बोर खनन, पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी मांगों और समस्याओं को जनचौपाल में उपस्थित अधिकारियों को प्रस्तुत किया गया।कलेक्टर ममगाईं द्वारा जनचौपाल की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद व ग्राम पंचायत स्तरीय ड्यूटी लगाई गई अधिकारियों को जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत के जनचौपाल में प्राप्त हुए आवेदनों की जनकारी जिला पंचायत के उपसंचालक, पंचायत शाखा में अनिवार्य रूप से एक दिन पश्चात् प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों द्वारा अपने-अपने निर्धारित ग्राम पंचायतों में उपस्थित होकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं का अवलोकन किया गया। जनचौपाल में प्राप्त जनसुनवाई से संबंधित मुद्दों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन के इस पहल से ग्रामीणों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिला एवं सरकार के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ी है। विकासखण्ड ओरछा अतंर्गत सभी 36 ग्राम पंचायत में जनचौपाल के आयोजन से लोगों में अपनी समस्या को आसानी से बताने की सुविधा मिली जिससे लोगों में उत्साह देखने को मिला। ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के अवसर पर सरपंच, सचिव सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

सुशासन तिहार : सीईओ ने शिविरों का निरीक्षण किया

कांकेर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के तहत जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के समस्त ग्राम पंचायतों में गत दिवस जनचौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने मैदानी अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ग्राम कोरर, बैजनपुरी, भोडिया, कुल्हाडकट्टा, आसुलखार, फरसकोट में आयोजित जनचौपाल शिविरों का निरीक्षण कर ग्रामीणजनों से चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से पेयजल की समस्या, भू-जल स्त्रोत, स्कूल मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा मरम्मत की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही जल संसाधन विभाग के साथ जल भू-जल स्त्रोत बढ़ाने के संभावनाओं को चिन्हांकित करने के लिए कहा। इसी तरह कोरर के टूटे हुए तालाब, बैजनपुरी में स्टॉप डेम, भानबेड़ा में नदी डायवर्सन स्थल, फरसकोट, शाहकट्टा जलाशय निरीक्षण गेट सुधार कार्य, भौड़िया में स्कूल जर्जर स्कूल भवन का भी निरीक्षण किया।इसके उपरांत जिला सीईओ ने जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के समाकक्ष में 52 ग्राम पंचायतों में आयोजित जन चौपाल की समीक्षा बैठक लेकर प्राप्त आवेदनों निराकरण की समीक्षा की और गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विकासखंड स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कामकाज को लेकर शुरू हुआ झगड़ा पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

कांकेर/नवप्रदेश। घरेलू कामकाज को लेकर शुरू हुआ विवाद हत्या में बदल गया। एक अप्रैल को प्रार्थिया बलेश्वरी जुर्री हमराह सरपंच सहस्त्र अर्जुन वट्टी कोटवार प्रेमदास मानिकपुरी, रामाधीन नेताम, धनेश नेताम एवं अन्य साकिनान बिरनपुर थाना नरहरपुर थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थिया बलेश्वरी जुर्री के साथ घर में इसका बेटा युगेश्वर व बहू नीता जुर्री और नाती हितेश जुर्री उम्र 02 वर्ष साथ में रहते है। बेटा-बहू की शादी को 03 साल हो गया है, और दोनों के बीच कामकाज करने की बात को लेकर आपस में झगड़ा-विवाद होते रहता था। इस संबंध में गांव में मीटिंग भी हुआ था। आज सवेरे करीबन 07.00 बजे प्रार्थिया कचरा फेंकने घुरवा गई थी, तब युगेश्वर और नीता जुर्री दोनों के बीच कचरा फेंकने की बात को लेकर झगड़ा-विवाद हो रहा था। प्रार्थिया कचरा फेंक कर वापस आकर देखी तो घर के बाड़ी में इसका बेटा युगेश्वर बहू नीता जुरी को घर का काम काज नहीं करती है, आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए धारदार टंगिया से गला के पीछे तरफमार रहा था, मना करते हुई चिल्लाई तब तक टंगिया से बहू नीता जूरी के गले में मार चुका था। नीता जुरी जमीन में गिरी, गर्दन के पीछे तरफ से खून निकल रहा था। प्रार्थिया तुरंत घटना के बारे में रामाधीन नेताम एवं अन्य लोगों को बताई तब सरपंच सहस्त्र अर्जुन वट्टी कोटवार प्रेमदास मानिकपुरी रामाधीन नेताम धनेश नेताम, एवं अन्य आकर देखे तब तक नीता जुरी की मृत्यु हो गई थी। 01मई 2025 के प्रातः करीबन 07.00 बजे नीता जुर्री की मृत्यु प्रार्थिया का बेटा युगेश्वर जुरी द्वारा धारदार टंगिया से मारकर हत्या करने से हुआ है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर से थाना नरहरपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसिला के आदेशानुसार.अति.पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में तत्काल टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु निर्देशित किया गया। आरोपी युगेश्वर जुर्री पिता स्व. तीजूराम जुर्री उम्र 29 वर्ष, साकिन बिरनपुर, थाना नरहरपुर, जिला कांकेर को पता तलाश कर हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपराध करना कबूल किया गया तथा आरोपी ने अपने मेमोरेण्डम कथन में बताया कि अपनी पत्नि नीता जुरी को घर में रखे धारदार टंगिया से मारकर हत्या किया हूँ। घटना में प्रयुक्त टंगिया को बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपी युगेश्वर जुर्री के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से 01मई 2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सुरेश राठौर सउनि लोमशमुनि बैरागी सउनि बुधारूराम मरकाम.प्र.आर.सुरेश नेताम आरक्षक राजकुमार मरकाम टिकेश्वर नेताम, निलेश साहू शिरीश मरकाम अमृत नाग.म.आर. सरिता गोटी द्वारा अथक मेहनत कर उल्लेखनीय योगदान दिया है।

9 युवा मल्लखंब खिलाड़ियों का खेलो इंडिया के लिए चयन

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 से 15 मई तक बिहार में

कलेक्टर और एसपी ने टीम को दीं शुभकामनाएं और किया रवाना

नारायणपुर। बिहार में 4 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें से 9 खिलाड़ी नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से हैं। यह अकादमी अपने खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिसका परिणाम अब देश के सबसे बड़े खेल आयोजन में देखने को मिलेगा। इन खिलाड़ियों में 5 बालक और 4 बालिकाएं शामिल हैं, जिनमें सरिता पोयाम ग्राम ओरछा से, मोनिका पोटाई ग्राम मातला, दुर्गेश्वरी कुमेटी ग्राम कुंदला, अनिता गोटा ग्राम न्यानार, राकेश कुमार वढ़दा ग्राम कुतुल, मानू ध्रुव ग्राम आसनार, राजेश कोर्राम ग्राम आसनार, मंगडू पोडियाम ग्राम पोकानार और मोनू नेताम ग्राम चिंगनार से शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अपने जिले और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 2 मई को जिले के कलेक्टर प्रतिष्ठा मंमगई और एसपी प्रभात कुमार ने सभी खिलाड़ियों और कोच मनोज प्रसाद, महिला कोच पूनम प्रसाद और मैनेजर सौरव पाल को शुभकामनाएं देकर रवानगी दी।

इस अवसर पर कलेक्टर और एसपी ने खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मल्लखंब खेल 5 से 9 मई तक बोधगया के स्टेडियम में आयोजित होंगे। अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर इस बड़े आयोजन में जगह बनाई है। अकादमी के कोच और मैनेजर ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। खिलाड़ियों को उम्मीद है कि वे अपने प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे और राज्य के लिए मेडल जीतेंगे।

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्ता के साथ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर /नवप्रदेश। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सुशासन तिहार के तहत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र करने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाओ के साथ ही संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने निर्देशित किया।

जिला कार्यालय में आज दोपहर को आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने विभागवार समीक्षा किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि जिन विभागों के आवेदन की संख्या पोर्टल में अधिक है, उन्हें अतिरिक्त समय लेकर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ हो और आगामी चरण के शिविरों के पहले लंबित आवेदनों का निपटारा करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित संबधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पेज 1 शेष

जीएसटी संग्रह में छत्तीसगढ़ ...

उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है।

भारत को 13 करोड़ डॉलर...

बढ़ेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बेहतर होगी। अमेरिका के विदेश विभाग ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस सौदे की जानकारी दी है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बताया कि इस प्रस्तावित सौदे का उद्देश्य विदेशी नीति को मदद देना और राष्टीय सुरक्षा उद्देश्यों को पूरा करने के साथ ही भारत और अमेरिका के संबंधों को रणनीतिक स्तर पर मजबूत करना है। साथ ही हिंद प्रशांत महासागर और दक्षिण एशिया के सबसे अहम देश के साथ सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करना भी इसका उद्देश्य है।

सौदे में वर्जीनिया स्थित कंपनी को बनाया गया ठेकेदार- अमेरिका का कहना है कि इस सौदे से क्षेत्रीय सैन्य संतुलन पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। इस रक्षा सौदे के मुख्य ठेकेदार वर्जीनिया स्थित हॉकआई 360 कंपनी को बनाया गया है, जो विश्लेषणात्मक तकनीक और समुद्री निगरानी प्रणालियों के क्षेत्र में अग्रणी मानी जाती है।

वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य...

धर्माचार्यों, वेदपाठीगणों, भैरव नाथ के अरविंद शुक्ला ने पूरब द्वार से मंदिर में प्रवेश किया तथा मंदिर के गर्भगृह के द्वार की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। देवी देवताओं का आह्वान कर, जन कल्याण की कामना तथा संकल्प के साथ ही ठीक प्रातः सात बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गये। इसी समय मंदिर का मुख्य दक्षिण द्वार भी खोल दिया गया।

पैराडाइज स्कूल में शुरू हुआ समर कैम्प, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 4 मई तक

डांस म्यूजिक आर्ट एंड क्राफ्ट,पब्लिक स्पीकिंग रोबोटिक्स आदि का प्रशिक्षण

कांकेर /नवप्रदेश।। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल इमलीपारा कांकेर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के कलात्मक एवं रचनात्मक विकास के लिये समर कैम्प का आयोजन 1 मई से किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस में लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया।समर कैम्प के प्रथम दिवस का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ, योग एवं ध्यान से प्रारंभ हुआ संगीत शिक्षक मृणाल पाण्डे के द्वारा बच्चों के साथ प्रार्थना गीत गाकर वातावरण को आनंदमय बनाया। इसके पश्चात प्रीति झा द्वारा सभी बच्चों के लिये एक्टिविटी द्वारा स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमे बच्चों ने अंग्रेजी में बातचीत की कौशलता को विकसित किया।इसके पश्चात बच्चों ने अलग अलग ग्रुप में होकर अपूर्वा ठाकुर एवं रिया सोनी के डांस प्रशिक्षण तथा मृणाल पाण्डे द्वारा संगीत एवं गायन तथा हारमोनियम, केसियो, आक्टोपैड एवं तबला का प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके अलावा बच्चों को बेसिक कम्प्यूटर रोबोटिक्स एवं कोडिंग के बारे में बताया गया तथा कर्सिव राइटिंग कैलिग्राफी के लिये प्रेरित किया गया।

1 मई से 21 मई, सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चलने वाले इस समर कैम्प में सुप्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा डांस म्यूजिक मार्शल आर्ट पब्लिक स्पीकिंग कोडिंग एवं रोबोटिक्स आर्ट एंड क्राफ्ट वैदिक मैथ्स आदि कलाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।नये प्रतिभागी 4 मई तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, (बाजार/ नजूल) रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. :- 2535780,90 फैक्स :- 0771-2227395

Website - www.nagarnigamraipur.nic.in

// अल्पकालीन निविदा सूचना //

लावारिश मवेशियों को पकड़ने हेतु 03 अकुशल मजदूर 12 माह के लिये प्रतिदिन (8 घंटे) के कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से निर्धारित दर पर आमंत्रित की जाती है अकुशल श्रमिक कलेक्टर दर पर ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. सेवा शुल्क सहित दर प्रस्तुत करें। निविदा राजस्व/बाजार विभाग नगर पालिक निगम रायपुर में दिनांक 09.05.2025 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक स्पीड रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है प्राप्त निविदाओं को इसी दिवस सायं 4.00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक समय शाम 5.00 बजे तक राशि 500/- रु. नगद जमा कर राजस्व/ बाजार शाखा से प्राप्त की जा सकती है। निविदा लाभांश प्रतिशत दर में प्रस्तुत करें।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

उपायुक्त (बाजार)
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के 202504050600008/ ब-121/ 2024- 2025 ग्राम कोरबा आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार गुप्ता आत्मज श्री विरेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 35 वर्ष जाति बनिया (गैर आदिवासी) निवासी मकान नं. 597 वार्ड नं. 26, एस.ई.सी.एल. हास्पिटल कोरबा टाउन कोरबा तह. व जिला कोरबा छ.ग. द्वारा पिता स्व. विरेन्द्र कुमार गुप्ता का ईलाज के दौरान दिनांक 18 जनवरी 2025 को हो गयी है, लेख करते हुए विभिन्न मदों में जमा राशि का आहरण किए जाने हेतु आश्रित/फैमिली प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र, मृतक मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, आवेदकगणों की आधार कार्ड की प्रति एवं राशन कार्ड आदि प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 16/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 03

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/ 196/निविदा/ग्रायांसेवा/2025-26 रायगढ़, दिनांक 01.05.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला रायगढ़ अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी अभिलेख एवं वित्तीय प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि - 16.05.2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि - 16.05.2025 अपरान्ह 03.30 बजे से

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
01.	प्राथ. शाला नकना में 01 नग अति. कक्ष (बाल वालिका), 01 नग बालिका शौचा. निर्माण कार्य एवं 01 नग अक्रियाशील बालक शौचा. तथा 01 नग अक्रियाशील बालिका शौचा. जीर्णोद्धार कार्य, वि.खंड धरमजयगढ़	10.292
02.	प्राथ. शाला फगुरम में 01 नग अति. कक्ष (बालवाटिका), 01 नग बालिका शौचा. निर्माण कार्य एवं 01 नग अक्रियाशील बालक शौचा. तथा 01 नग अक्रियाशील बालिका शौचा. का जीर्णोद्धार निर्माण कार्य, वि.खंड घरघोड़ा	10.672
03.	प्राथ. शाला बासनपाली में 01 नग अतिरिक्त कक्ष (बालवाटिका) एवं 01 नग बालिका शौचालय निर्माण कार्य, वि.खंड पुसौर	8.578
04.	स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में रसायन प्रयोगशाला निर्माण, वि.खं. धरमजयगढ़	7.125
05.	स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल घरघोड़ा में भौतिकी प्रयोगशाला निर्माण एवं पुस्तकालय कक्ष निर्माण, वि.खंड घरघोड़ा	15.35
06.	पूर्व माध्यमिक शाला कठानी में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खंड पुसौर	8.576
07.	पूर्व माध्य. शाला मचिदा में 02 नग अति. कक्ष एवं प्राथ. शाला त्रिभौना में 01 नग अति. कक्ष निर्माण कार्य, वि. खंड पुसौर	12.958
08.	प्राथमिक शाला भाठनपाली में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि. खंड पुसौर	8.576
09.	शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोड़ातराई में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि. खंड पुसौर	14.223
10.	पूर्व माध्यमिक शाला जामगांव में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खंड रायगढ़	8.581
11.	पूर्व माध्यमिक शाला विश्वनाथपाली में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि. खंड रायगढ़	8.581
12.	प्राथ. शाला/ पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में 01 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खंड रायगढ़	4.364
13.	शास. आयु. औष. तरकेला में अहाता निर्माण कार्य, शास. आयु. औष. रायगढ़ चांदमारी में जीर्णो. कार्य एवं शास. आयु. जिला चिकि, रायगढ़ में सीढ़ी/ जीर्णोद्धार कार्य, वि.खंड रायगढ़	11.334

3. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें. धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 02.05.2025 से विभागीय वेबसाइट https://res.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
4. निविदा की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में कम से कम पूर्णता अवधि से 03 माह अतिरिक्त का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में देय होगा।

जी-252600636/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को मिली कानूनी जानकारी

कांकेर /नवप्रदेश। गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर आनंद कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों के बीच कानूनी जानकारी का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शांति प्रभु जैन के द्वारा कृषि उपज मंडी कांकेर में उपस्थित श्रमिकों को मजदूर दिवस बधाई देते हुए मजदूर दिवस मनाएं जाने के सन्दर्भ में इस प्रकार बताया।

मज़दूर दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस भी कहा जाता है।हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन उन सभी मेहनतकश श्रमिकों को समर्पित है, जो देश की तरक्की में अहम भूमिका निभाते हैं।

इतिहास और महत्व ......

मजदूर दिवस की शुरुआत 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर से हुई, जहाँ श्रमिकों ने 8 घंटे काम करने की मांग को लेकर आंदोलन किया। कई मज़दूरों की मृत्यु हुई, लेकिन अंततः उनकी मांगें मानी गईं। इसके बाद, 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस के रूप में मान्यता दी गई। भारत में यह दिवस पहली बार 1923 में चेन्नई (तब मद्रास) में मनाया गया।

मजदूरों का योगदान......

मज़दूर समाज की रीढ़ होते हैं।वे खेतों में अनाज उगाते हैं।कारखानों में वस्तुएं बनाते हैं।इमारतों का निर्माण करते हैं, और जीवन को आसान बनाते हैं। उनका परिश्रम ही देश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का आधार है। श्रमिकों से सम्बन्धित कानूनों के बारे में भी जानकारी दिया गया।

मजदूर सम्बन्धित कानून सुरक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धित श्रमिकों के अधिकार सम्बन्धित सामाजिक सुरक्षा कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया इस जागरूकता शिविर में श्रमिक संघ के समस्त पदाधिकारी , सभी श्रमिक एवं विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे ।

मुख्यमंत्री से मिले नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल

■ बस्तर को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

■ नक्सल पीड़ितों ने नक्सल उन्मूलन अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने का किया अनुरोध

कांकेर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में सुकमा बीजापुर कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वे नक्सल हिंसा पीड़ित शामिल थे, जिन्होंने विगत वर्षों में नक्सली हिंसा के कारण अपनों को खोया है, शारीरिक यातनाएं झेली हैं अथवा विस्थापन का दंश सहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को ज्ञापन सौंपते हुए कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हजारों परिवार चार दशकों से माओवादी आतंक की विभीषिका का सामना कर रहे हैं, जिसने क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बुनियाद को गहरा नुकसान पहुंचाया है। हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास की नीति से बस्तर में शांति और विकास की आशा फिर से जगी है। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बताया।मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है। सरकार किसी भी कीमत पर नक्सल उन्मूलन अभियान को पूर्ण करेगी ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं, बल्कि हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हर नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार खड़ी है और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है, और यह तभी संभव है जब क्षेत्र को हिंसा और भय के साये से पूरी तरह मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने आशा व्यक्त की कि नक्सल विरोधी संघर्ष में जन-भागीदारी और जनविश्वास की शक्ति से हम निस्संदेह सफलता प्राप्त करेंगे और बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे।

न्यूज गैलरी

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने मां दंतेश्वरी का दर्शन कर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

दंतेवाड़ा/ नव प्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक किरण सिंह देव का बहुप्रतीक्षित आगमन 01 मई 2025 को बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में हुआ । दंतेवाड़ा आगमन पर विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष श्री किरण सिंह देव का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्री किरण सिंह देव भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे, देवी दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिया । प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देवी दर्शन के उपरांत नगर पालिका कार्यालय परिसर के सामने पहुंचे एवं नव-निर्मित ढ्हस्र कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया।तत्पश्चात पदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए एवं संगठन के कार्यों की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा किया

अवंतिका झा को याद किया

रायपुर/ नवप्रदेश। आकाशवाणी रायपुर की वरिष्ठ नैमित्तिक उद्घोषिका अवंतिका झा को याद किया गया. रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. सभी कैजुअल अनाउंसर ने अल्पकाल में उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया. इस अवसर पर शुभ्रा ठाकुर ने कहा एक बढ़िया स्क्रिप्टर राइटर, प्रोग्राम प्रस्तुतकर्ता, आवाज की धनी उद्घोषिका को हमने खो दिया है। ये आकाशवाणी की व्यक्तिगत क्षति है। उल्लेखनीय है, कि पिछले दिनों अवंतिका झा का आकस्मिक निधन हो ग़या. अवसर पर अवंतिका झा के पति अनुराग ओझा ने कहा हर वर्ष अवंतिका झा की स्मृति में वत्सल साहचर्य सेवा संस्थान की ओर से बेस्ट अनाउंसर का सम्मान और रनिंग शील्ड हर साल आकाशवाणी रायपुर के किसी एक उद्घोषक को दी जाएगी। इस वर्ष ये सम्मान आकाशवाणी की वरिष्ठ उद्घोषिका सीमा शर्मा को दिया गया है। इस अवसर पर उद्घोषिका अवंतिका झा के परिवार के सभी सदस्य, अभिषेक शर्मा, इंदु वर्मा, शुभ्रा ठाकुर औऱ सीमा शर्मा उपस्थित थे ।

दूरदराज के 14 हजार से अधिक परिवारों का संग्रहण से वंचित होने की आशंका

बैंक खाते की अनिवार्यता से बीजापुर के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों पर संकट!

■ ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

कमलेश्वर सिंह पैंकरा

बीजापुर/ नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आगामी तेंदूपत्ता संग्रहण सत्र हजारों गरीब परिवारों के लिए मुश्किलों का सबब बन सकता है। वन विभाग के एक नए फरमान के अनुसार, तेंदूपत्ता संग्रहण कार्ड प्राप्त करने के लिए अब बैंक खाता अनिवार्य कर दिया गया है। इस नियम के चलते जिले के लगभग 14 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के संग्रहण कार्य से वंचित होने की आशंका गहरा गई है।

हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता के संग्रहण से जुड़े मजदूरों के लिए यह आय का प्रमुख स्रोत है जिससे कृषि कार्य, बीज खरीदी, शादी ब्याह और अन्य कार्यों सहित बच्चों की शिक्षा में मदद मिलती रही है। डीएफओ और जिला वनोपज सहकारी यूनियन के प्रबंध संचालक आर. रामाकृष्णा ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस सत्र में केवल उन्हीं संग्राहकों को कार्ड जारी किए जाएंगे जिनके पास बैंक खाता होगा।जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण में सक्रिय लगभग 54 हजार परिवार हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 26 हजार से कुछ अधिक परिवारों के ही बैंक खाते सक्रिय हैं। ऐसे में, दूरदराज के इलाकों में रहने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर हजारों संग्राहकों के लिए यह नया नियम एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है।

पिछले तेंदूपत्ता सीजन में जिले में 1 लाख 21 हजार 6 सौ मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था, जिसके मुकाबले 98 हजार 2 सौ 26 मानक बोरा संग्रहित किया गया था। इस वर्ष भी संग्रहण का लक्ष्य उतना ही निर्धारित है। हालांकि, संग्राहकों की एक बड़ी संख्या के अपात्र होने से इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है।

जिले में 5 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू होने वाला है। 54 हजार से अधिक संग्राहक परिवार 28 समितियों के अंतर्गत आने वाले 592 संग्रहण फड़ों के माध्यम से इस कार्य को अंजाम दिया जाना हैं।

अभ्यारण क्षेत्र के 12 सौ संग्राहक सीधे तौर पर होंगे प्रभावित इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कोर और बफर इलाके में पड़ने वाले तीन अभ्यारण क्षेत्र के 1200 संग्राहक परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। पूर्व में ठेकेदार द्वारा इन इलाकों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किए जाते रहे हैं पर इस वर्ष अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता तुड़ाई नहीं होंगे।

कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने इस नए नियम को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को फड़ पर नकद भुगतान की मोदी गारंटी की याद दिलाते हुए वर्तमान भाजपा सरकार से इसे पूरा करने की मांग की है। मंडावी ने कहा कि सरकार की अस्पष्ट नीतियों के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण व्यवस्था चरमरा गई है और यह नया नियम आर्थिक रूप से कमजोर संग्राहकों के लिए एक अतिरिक्त बोझ साबित होगा, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ सकता है।

अर्थशास्त्री प्रोफेसर डॉ. नारायण झाड़ी का कहना है कि इस प्रकार की अनिवार्यता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सीमित है और लोगों के पास जागरूकता की कमी है।

सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

■ ब्राह्मण समाज सामाजिक कुरीतियों को दूर कर दूसरों का आदर्श बने - राजेश तिवारी

कांकेर/ नव प्रदेश।। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज जिला कांकेर द्वारा अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया।

स्थानीय ब्राह्मण समाज भवन में 30 अप्रैल को संध्या आयोजित कार्यक्रम समाज के संरक्षक एवं राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राजेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिव कुमार शुक्ला रवि किरण धर शर्मा श्रीमती देहुती तिवारी श्रीमती आराधना शर्मा एवं श्रीमती सुमन शर्मा तथा कार्य क्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों के द्वारा भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना एवं सामूहिक आरती के साथ किया गया।अतिथियों का स्वागत निशांत शर्मा निर्मल तिवारी गजेंद्र तिवारी समीर मिश्रा सुशील तिवारी टिंकेश्वर तिवारी राम अवतार शर्मा जितेंद्र शर्मा दुर्गेश अवस्थी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने भगवान परशुराम के जन्म अवतार उनके शौर्य पराक्रम बारे में बताते हुए सभी से भगवान के बारे में अध्ययन मनन के साथ बच्चों में सही ज्ञान और संस्कार को विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा आडंबर और कुरीतियों से बचने समाजिक बैठकें आयोजित कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए।साथ ही रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया गया अध्यक्षता कर रहे अनिल शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर जितेन्द्र तिवारी ने प्रकाश डाला।

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी: कलेक्टर

■ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य योजनाओं की हुई समीक्षा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, के संबंध में निर्देश दिए है कि इन योजना से छूट गए पात्र हितग्राहियों की व्यक्तियों की पहचान कर उनका संपूर्ण पंजीयन किया जाए। साथ ही नॉन-कम्युनिकेबल (गैर-संक्रामक) बीमारियों की स्क्रीनिंग गांव-गांव कैंपिंग के माध्यम से यूनिवर्सल स्क्रीनिंग कर बीमारियों की जल्दी पहचान और उपचार सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि चिकित्सा कल्याण विभाग की भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन में प्रमुख जिम्मेदारी है।

आमजनों हेतु उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु दवाइयां की उपलब्धता एवं भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखें इसके अलावा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें साथ ही मेडिकल वेस्ट के सही विनष्टीकरण हेतु सत्पित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्थान होने चाहिए।

छात्रावासों और निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

■ प्रारंभ होने वाले सत्र में बच्चों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति दें-कलेक्टर

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन के सभागार में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदिवासी विकास विभाग की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी आश्रम एवं छात्रावासों में बच्चों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के लिए आश्रमों और छात्रावासों में स्वीकृत एवं प्रवेशित सीटों की स्थिति की जानकारी ली और ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी बच्चों की काउंसलिंग कर आगामी सत्र में शत प्रतिशत कलेक्टर ने नियद नेल्लानार (आपका आदर्श गांव) योजना के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्र शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण व नगरीय निकायों में भी इस कार्य में तेजी लाने की बात कही। कलेक्टर दुदावत ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन विद्यालयों का संचालन नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिल सके। बैठक में निर्माणाधीन छात्रावासों, आश्रमों और विशिष्ट संस्थाओं के स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, डीएमएफ निधि और एनएमडीसी से स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को नियत समय में पूर्ण करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर कुणाल दुदावत की इस समीक्षा बैठक में आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, आवास और विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आदिवासी बच्चों को बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल सकें। बैठक के अन्त में कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर छात्रावास से संबंधित सभी आवश्यकताओं और उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर लेवें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हों। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त राजीव नाग, मंडल संयोजक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

ऐतिहासिक उपलब्धि पर मिल रही हैं बधाइयां

शहीद महेंद्र कर्मा विवि की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने अभा. प्रतियोगिता में रचा इतिहास

बीजापुर/ नव प्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने नेल्लूर में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया है। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी टीम ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई है।

टीम ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन की शुरुआत पहले मैच में माधव यूनिवर्सिटी, राजस्थान को 10-0 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, गुजरात को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित किया। टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे और चौथे मैचों में क्रमशः बेंगलुरु यूनिवर्सिटी, कर्नाटक और बरकततुल्ला यूनिवर्सिटी को भी शिकस्त दी और प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

प्री-क्वार्टर फाइनल में टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, पंजाब जैसी मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में देशभर के 96 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था, जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की टीम ने शीर्ष 4 में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

टीम की इस ऐतिहासिक सफलता में पिचर कु. ज्योति हेमला और कैचर कु. अरुणा पुनेम की शानदार जुगलबंदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के अन्य सदस्य - शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय, बीजापुर की कु. चंद्रकला, कु. रेणुका, कु. विमला; शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दंतेवाड़ा की लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति, शामबती, जयमती, शर्मिला, आकांक्षा, शासकीय नवीन महाविद्यालय, धनोरा कोंडागांव की यलका, लालिमा, अनीता विमला; और बस्तर यूनिवर्सिटी की ओमेश्वरी - सभी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्वविद्यालय और टीम को गौरवान्वित किया है।

टीम के कोच शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दंतेवाड़ा के क्रीड़ा अधिकारी मारुति नन्दन मरकाम और मैनेजर राजेन्द्र सिंह राज ने टीम के शानदार प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक बी एल केवट, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी नवीन सिंह, बीजापुर एकेडमी के कोच सोपान कर्णेवार, एकलव्य क्रीड़ा परिसर जावांगा के कोच रजनीश ओसवाल, राहुल गौरखेड़े एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों ने टीम को बधाई दी ।

हितग्राहियों को घर पहुंचकर वितरित किए नए राशन कार्ड

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। । सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिका दंतेवाड़ा ने आम नागरिकों की सुविधा और कल्याण के लिए एक सराहनीय पहल की है। सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से, नगर पालिका ने नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर खाद्य विभाग के सहयोग से पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड जारी किये गए। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों के कई नागरिकों को लाभान्वित किया गया। इन हितग्राहियों में विशेष रूप से दीपक रवानी, माहेश्वरी नाग, सुलोचना पटेल, राजेंद्र कुमार, पुष्पलता पटेल, सीता, सुकन्ती, संदीप, पार्वती तथा भानमती को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्य की

विशेष बात यह रही कि नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचे और उन्हें राशन कार्ड सौंपा। इस आत्मीय व्यवहार न केवल हितग्राहियों को आश्चर्यचकित किया, बल्कि उनमें विशेष प्रसन्नता और विश्वास का संचार भी किया।

हितग्राहियों आभार व्यक्त करते हुए दी प्रतिक्रियाएँ

राशन कार्ड मिलने से हितग्राही दीपक रवानी ने कहा, कि खुद नगर पालिका उपाध्यक्ष के हाथों मुझे घर आकर राशन कार्ड दिया जाना मेरे लिए सुखद अनुभव था। इससे हमें भरोसा हुआ है कि सरकार सच में हमारी चिंता कर रही है। एक अन्य हितग्राही ÷ महेश्वरी नाग ने भावुक होते हुए कहा, ÷राशन कार्ड मिलने से अब बच्चों के लिए अनाज लेना आसान होगा। मैं नगर पालिका की आभारी हूँ। मुख्यालय की ही नागरिक सुलोचना पटेल ने राशन कार्ड मिलने से खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷बुजुर्गों के लिए इस तरह की मदद बहुत बड़ी राहत है। अब राशन लेने में कोई दिक्कत नहीं होगी। ÷वहीं राजेंद्र कुमार ने कहा, ÷पहली बार लगा कि हमारी समस्याओं को बिना कहे समझ गया है। इसके लिए जिला प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद है।

न्यूज गैलरी

उच्च माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी का परीक्षा परिणाम घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। बालिकाओं का वर्चस्व रहा। पालक सम्मेलन का आयोजन में घोषणा हुआ। व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों को भी इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिक्षा सत्र के अंतिम दिवस स्थानीय परीक्षाका परिणाम घोषित करने के साथ साथ पालक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। उपस्थिति में प्रमुख राजकुमार यादव सरपंच प्रतापपुर के बच्चे गोकुल यादब को प्रमाण पत्र वितरित कर शुरू किया। घोषित परिणाम में कक्षा 9वी व 11वी का परिणाम जारी किया। कक्षा 11 में कला समूह कुल छात्र 68 में कु निशा प्रथम, कु ममता साहू द्वितीय, कु मोनिका तृतीय बायो समूह 21 छात्र में कु प्रिया प्रथम, कु विभा द्वितीय, कु कृतिका निर्मलकर तृतीय रहे। कुल 101 छात्र में कु माही निर्मलकर प्रथम, कु सुमन द्वितीय, कु युवराज ध्रुव तृतीय रही। कक्षा शिक्षक प्रमोद कुर्रे, वीरेंद्र कश्यप, परीक्षा फ्ल निर्माण में सत्येंद्र तांडे, कु स्मिता ऊके व शिक्षक अनिल ठाकुर, विकास सोनी, विष्णु देवागन सहित पालक उपस्थित रहे। अंत में व्यवसायिक शिक्षा बैंकिंग व हेल्थ केयर के कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्रों को स्थानीय बैंकों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंटर्नशिप के तहत प्रशिक्षण दिया गया और अंत में प्रमाण पत्र देकर अगली कक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।

हेल्थ केयर एवं बैंकिंग विषय के 145 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में सत्र 2024-25 की कक्षा 11वी एवं 12वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हेल्थ केयर एवं बैंकिंग विषय के 145 विद्यार्थियों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकक बैंकिंग उपेंद्र देवांगन एवं हेल्थ केयर मानसी चंद्रवंशी और प्राचार्य श्रीमती शशि घोसले के मार्गदर्शन मे पंजाब नेशनल बैंक कियोस्क दशरंगपुर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर दशरंगपुर में डॉक्टर मीनाक्षी बंजारे के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा, बेड मेकिंग करना, महत्वपूर्ण संकेत की जांच, मरीज का बेसिक केयर, शुगर जांच एवं अन्य जांच महत्वपूर्ण कौशल का प्रशिक्षण लिया गया। बैंकिंग के विद्यार्थियों ने बैंक में नेट बैंकिंग, निकासी फार्म भरना, एटीएम संबंधित जानकारी, आधार लिंक करना एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

दूरस्थ अंचलों में पहुंचे कलेक्टर, एसपी और वनमण्डलाधिकारी

पहाड़ी कोरवा ग्रामों में शीघ्र मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल एवं नवपदस्थ वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी ने जिले के विकासखंड कुसमी के दूरस्थ ग्राम पंचायतों का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों के कार्यो की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने संयुक्त रूप से सुदूर अंचल में बसे ग्राम पंचायत भूताही, पुंदाग, पीपरढाब का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों का निरीक्षण किया तथा कार्यो को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि इन क्षेत्रों में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों को जल्द से जल्द बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

कलेक्टर ने ग्राम चटनियां से सबाग तक बन रहे सड़क व सड़क किनारे पानी निकासी के लिए बन रहे नाली का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वनमण्डलाधिकारी ने सबाग से पोखर, महुआटोली से चरहू गदामी, पीपरढाब से चरहू और पुंदाग से भुताही तक निर्माणाधीन सड़क मार्गो तथा पुल-पुलियों का भी अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य मे गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य मे किसी भी प्रकार की कोताही बरतने पर संबंधित पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कंठीघाट में हो रहे सड़क निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र व शासन के नियमानुसार निर्धारित मापदंडो के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व वनमंडलाधिकारी ने ग्राम भुताही व उसके आश्रित ग्राम महुवाडेरा में हो रहे शासकीय नलकूप खनन का भी अवलोकन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। ग्राम भुताही के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण होने से नलकूप खनन गाड़ी गांव में पहुँच पाई है, जिसके द्वारा हमारे गांव में पहली बार नलकूप खनन हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य धारा से जोड़ने प्रयासरत है सड़कों के बन जाने से दूरस्थ गांव भी सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ जाएंगे जिससे ग्रामीणों को सुलभ आवागमन सुविधा मिलेगी साथ ही व्यापार, रोजगार जैसी सुविधाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कुसमी करुण डहरिया, जनपद सीईओ अभिषेक , कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई जीएस सिदार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की बैठक आयोजित

कलेक्टर ने शासन के गाइड लाइन का पालन करते रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर बैठक आयोजित हुई, कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ युक्तियुक्तकरण के रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, एसडीएम फागेश सिन्हा, नीरज कौशिक, जे आर सतरंज, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अतुल परिहार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बीईओ, बीआरसी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ शासन स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षकों की उपलब्धता को संतुलित करने के लिए

स्कूल शिक्षा विभाग ने शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप है।

इस आदेश के अनुसार, जहां बच्चों की संख्या कम है या एक ही परिसर में एक से अधिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं, वहां शालाओं का एकीकरण किया जाएगा। साथ ही जिन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या आवश्यकता से अधिक है, उन्हें जरूरत वाले विद्यालयों में पुनः पदस्थ किया जाएगा।शहरी क्षेत्रों में 30 से कम और ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से कम दर्ज संख्या वाली शालाओं को पास के विद्यालयों में मिलाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी।

यह निर्णय जिलों की विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय समितियों की अनुशंसा पर आधारित होगा। अंतिम आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। शिक्षकों की पुनः पदस्थापना काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। एक ही विषय के शिक्षकों में कनिष्ठ को अतिशेष माना जाएगा। विशेष ध्यान यह रखा जाएगा कि ई संवर्ग और टी संवर्ग के शिक्षक केवल अपने संवर्ग की शालाओं में ही पदस्थ रहेंगे। स्कूल भवनों के उपयोग, विद्यार्थियों के अभिलेख, और विद्यालय की ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए समायोजन किया जाएगा। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षक उपलब्धता में संतुलन और प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में यह अहम भूमिका माना जा रहा है।

शासन ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए समितियों का गठन भी किया है, जिनमें राजस्व, पंचायत, शिक्षा, और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

ग्राम पंचायत में दिए आवेदनों का तत्काल हुआ समाधान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 जिले के उदयपुर विकासखंड के सुदूर ग्राम खुझी में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगों का समाधान हुआ है। इससे गाँव में उत्साह और खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति आई है। ग्राम खुझी की नवविवाहित बहू सबिता ने बताया कि उनके घर में शौचालय न होने से उन्हें काफी असुविधा होती थी। सुशासन तिहार में उन्होंने समाधान पेटी के माध्यम से अपनी समस्या को लेकर आवेदन किया। जिला प्रशासन की संवेदनशीलता की वजह से महज 18 दिनों में सर्वे कराया गया और पात्र पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा उन्हें शौचालय निर्माण के लिए पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सबिता ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा, शासन की पहल ने महिलाओं की गरिमा और स्वास्थ्य के लिए एक सशक्त कदम उठाया है। इसी प्रकार, ग्राम की श्याम पति ने सुशासन तिहार के

पहले चरण में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। उनका कच्चा मकान बारिश में उनके परिवार के लिए असुरक्षित हो जाता था। उनके आवेदन पर त्वरित प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे और स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। जिससे अब उन्हें जल्द ही पक्का मकान मिलने जा रहा है। श्याम पति ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री जी की संवेदनशीलता और सुशासन तिहार ने हमारा सपना पूरा कर दिया। यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आम नागरिकों की बुनियादी समस्याओं के समाधान का माध्यम बन गया है। पारदर्शिता, सहभागिता और त्वरित समाधान की इस पहल से नागरिकों में विश्वास जागी है।

गुम महिला और उसके दो बच्चे को परिजनों से मिलाया

मुंगेली/नवप्रदेश। पिछले सप्ताह 2 बच्चों के साथ नगर की गुम महिला को सिटी कोतवाली पुलिस ने जलांधर पंजाब से पता तलाशकर लाया गया। गुम महिला एवं उसके 2 बच्चे लड़का एवं लड़की को परिजन को सौपा गया। इसके अलावा दो अन्य प्रकरण में ग्राम टिंगीपुर एवं चिल्फी घाटी की गुम महिला एवं उसके बच्चे को पता तलाश कर वापस लाया गया। शिक्षक नगर निवासी प्रार्थी चन्द्र कुमार साहू पिता नकुल साहू उम्र 33 साल 22 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पत्नी भगवती साहू उम्र 32 साल अपने 02 बच्चे लड़का एवं लड़की को लेकर बिना बताये घर से चली गयी है।

आसपास एवं रिश्तेदारी में पता किया, कोई पता नहीं चला, जिसकी रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में गुम इंसान कायम कर जांच पतासाजी में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण की गंभीरता

को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी गिरजाशंकर यादव के नेतृत्व में गुम महिला की शीघ्र पतासाजी हेतु थाना मुंगेली की विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर पुलिस टीम द्वारा पतासाजी के दौरान मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गुम इंसान के पता तलाश हेतु पुलिस टीम जलांधर (पंजाब) भेजकर पता तलाश किया गया जहां पर गुम व्यक्ति भगवती साहू को उसके 02 बच्चे लडका एवं लड़की साहित पता तलाश कर सकुशल मुंगेली लाया गया तथा उसके परिजन चन्द्र कुमार साहू को सौपा गया। इसी प्रकार निवासी टिंगीपुर चमारी प्रार्थी सुरेश कुमार साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 34 साल 25 अप्रैल को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पत्नी लता बाई साहू उम्र 33 साल एवं 05 वर्षीय पुत्र को लेकर बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट पर गुम इंसान पंजीबद्ध कर पता तलाश के दौरान मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गुम इंसान लता बाई साहू को उसके 05 वर्षीय पुत्र सहित 02 घण्टे के भीतर पता तलाश कर दस्तयाब कर गुम महिला एवं उसके 05 वर्षीय पुत्र को परिजन को सौपा गया। चिल्फी घाटी जिला कबीरधाम निवासी प्रार्थी दीपक बघेल पिता दिलबोध बघेल उम्र 33 वर्ष 25 अप्रैल को ही अपनी पत्नी करूणा बघेल एवं 04 माह के बच्ची के साथ अपने ससुराल नुनियाकछार से अपने घर ग्राम चिल्फी घाटी जिला कबीरधाम जाने बस स्टैण्ड पहुंचकर बस स्टाप मुंगेली में बस निकलने का इंतजार कर रहे थे।

कार्यकर्ता व सहायिका पदों पर भर्ती, 19 तक करें आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दरिमा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 6 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 5 आंगनबाड़ी सहायिका के पद शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया 5 मई 2025 से प्रारंभ होकर 19 मई 2025 तक चलेगी। इच्छुक पात्र महिला अभ्यर्थी कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकती हैं। आवेदन स्वयं उपस्थित होकर, प्रतिनिधि के माध्यम से या डाक द्वारा परियोजना कार्यालय, दरिमा (अम्बिकापुर-2) में जमा किए जा सकते हैं।

अफ्रीकन बोयर नस्ल से बकरी पालन बना आर्थिक सशक्तिकरण का आधार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और गरीब किसानों की आय में बढ़ोतरी के उद्देश्य से बकरी पालन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशासन ने अभिनव पहल की है। अब जिले में जल्द ही अफ्रीकन नस्ल 'बोयर' के बकरा-बकरी नजर आएंगे, जिनका वजन स्थानीय नस्ल की तुलना में तीन से चार गुना अधिक होगा है। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम मिलेगा। बकरी पालन आर्थिक रूप से कमजोर और छोटे किसानों के लिए 'एटीएम' की तरह कार्य करता है। इसे पालना आसान होता है और जरूरत पड़ने पर बेचकर तत्काल नकद

आय अर्जित की जा सकती है। स्थानीय नस्ल के बकरों का अधिकतम वजन 20 से 25 किलोग्राम तक होता है, लेकिन अब कृत्रिम गर्भाधान से अफ्रीकन बोयर जैसे भारी भरकम नस्ल के बकरा-बकरी पालने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिनका वजन 80 से 100 किलो तक होता है। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा 7800 सीमेन डोज मंगवाए गए हैं, जिनमें भारतीय नस्ल जमुनापारी, सिरोही, बारबरी के साथ पहली बार अफ्रीकन बोयर नस्ल के सीमेन भी शामिल हैं। ये सीमेन उत्तराखंड लाइव स्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, ऋषिकेश के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। इस योजना में जिला पशु रोगी कल्याण समिति से भी आर्थिक सहयोग मिला है। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. सी.के. मिश्रा ने बताया कि, यह पहली बार है जब अफ्रीकन बोयर नस्ल का सीमेन सरगुजा में उपलब्ध कराया गया है। सफेद रंग की इस नस्ल का गला और सिंग तक का भाग कत्थई रंग का होता है।

अधिकारी और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और किया श्रमदान

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में प्रातः 06 बजे से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में कलेक्टर कुन्दन कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान किया। सभी ने हाथों में झाड़ू, फावड़ा एवं अन्य सफाई उपकरण लेकर कलेक्टोरेट परिसर में साफ-सफाई की तथा आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत जिले में सतत रूप से स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप स्वच्छता को सभी नागरिकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा, स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि सोच और जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। जब हम सभी स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में उतारेंगे, तो विशेष अभियानों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ला, गांव और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय

भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रमिक समाज के आधार स्तंभ हैं, उनके योगदान और परिश्रम का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ सुनिश्चित किया जाए।

इस अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव एवं मेनका प्रधान, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

आयोजन | अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

प्रत्येक व्यक्ति को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हैं, उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बिकापुर द्वारा जिला ग्रंथालय के नवनिर्मित भवन में मजदूरों के हितों से संबंधित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के. एल. चरयाणी के मार्गदर्शन एवं सचिव लीनम बनसोड़े के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सचिव लीनम बनसोड़े ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए उन्हें उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त है और श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

उन्होंने मजदूरों को श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्य के लिए निर्धारित समय, न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल, और श्रमिक कल्याण योजनाएं जैसे प्रावधान श्रमिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना अपराध है, जिसके लिए सख्त दंड का प्रावधान है। सचिव बनसोड़े ने यह भी बताया कि श्रमिकों को न्याय

दिलाने हेतु श्रम न्यायालयों की स्थापना की गई है, जहां वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्याय प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए नालसा द्वारा संचालित विधिक सेवाओं की जानकारी भी दी गई। आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को उनके वैधानिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और विधिक सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर पारा लीगल वॉलेंटियर्स (पी.एल.वी.) और विधिक मित्रों की सक्रिय सहभागिता रही।

उत्पीड़न रोकथाम को लेकर आंतरिक शिकायत समिति का होगा गठन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग ने कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

विभाग ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 की धारा 4(1) के तहत प्रत्येक संस्था में आंतरिक शिकायत समिति के गठन को अनिवार्य बताया है। विभाग द्वारा 19 दिसम्बर 2013 एवं 17 सितम्बर 2014 को जारी निर्देशों के अनुसार, ऐसे सभी कार्यस्थल जहां 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां इस समिति का गठन करना अनिवार्य है। समिति में एक पीठासीन अधिकारी (महिला अध्यक्ष), दो ऐसे सदस्य जिन्हें समाज सुधार या विधिक ज्ञान का अनुभव हो, तथा एक सदस्य गैर-सरकारी संगठन से लिया जाना अनिवार्य है, जो महिलाओं के अधिकारों के प्रति प्रतिबद्ध हो। कुल सदस्यों में कम से कम आधी महिलाएं होना आवश्यक है।

न्यूज गैलरी

महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी, हत्या की आंशका

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजपुरी कला रजवार पारा में लहुलुहान एक महिला की लाश मिलने से आसपास क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुला के लाश को कब्जे लेकर लखनपुर अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया दिया है। देर शाम होने कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। प्रथम दृष्ट्या में पुलिस इसे क़त्ल का मामला मान रही है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के मुताबिक मकतुला युवती का नाम आशा राजवाड़े पति श्याम लाल राजवाड़े उम्र लगभग 40 वर्ष है।घर में अकेली रहती थी। पति कई सालों से गांव छोड़कर कहीं चला गया है । एक पुत्र बस्ती के दूसरे मुहल्ले बैगापारा अपने ससुराल में रहता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की क़त्ल 29 अप्रेल की रात में हुई होगी।डागस्कावायड के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके वारदात पर पहुंच क़त्ल के गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है। आखिर महिला की क़त्ल किसने किया? क्यों किया अनेकों सवाल अनसुलझे हैं। क़ातिल के पकड़ाने बाद ही हकीकत सामने आ सकेगी।

विधायक ने किया थोक फल मंडी नवीन परिसर का भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। मणिपुर अम्बिकापुर थाना के पीछे, राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से लगे स्थल पर आज 30 अप्रेल दिन बुधवार को महामाया थोक फल मंडी के नवीन परिसर का विधिवत भूमि पूजन अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने किया । विधायक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा यह पहल क्षेत्रीय व्यापार को संगठित करने और फल विक्रेताओं को सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा के जाने-माने हस्ति एवं जमीनी कार्यकर्ता व्यापारी जन काफी संख्या में उपस्थित रहे।

आमजनता को किसी भी स्थिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है, कि वे मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें एवं समय पर कार्यालय पहुंचकर जन समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजनता को किसी भी स्थिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यालय में अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए 21 विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित

सुशासन त्योहार और कानून व्यवस्था पर महत्वपूर्ण बैठक

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक में दिये गए निर्देशों के पालन में, पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सुशासन त्योहार के मद्देनजर शिकायत निवारण, अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम नवीन कानूनों के क्रियान्वयन से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें निम्न विषयों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया-60/90 दिवस के भीतर चालान प्रस्तुत करना, जो कि सकती ज़िले में 100त्न कंप्लायंस पाया गया। अभियोजन शाखा के साथ बेहतर समन्वयशासकीय कर्मचारियों से विधिक मामलों में सहयोग- पटवारी, मेडिकल टीम, तहसीलदार, एसडीएम, आदि। मेडिकल टीम के साथ पीड़ित/आरोपी के परीक्षण व उपचार में समन्वय/ प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति भंग की आशंका वाले व्यक्तियों पर की गई कार्रवाई, निरोधात्मक धाराओं के अंतर्गत की गई कार्यवाही एवं

निगरानी बदमाशों पर नियंत्रण के प्रयासों की जानकारी ली गई। नवीन गुंडा बदमाश फाइल खोलने हेतु प्रस्ताव का आकलन किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत प्रभावी करवाई हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। समस्त थाना प्रभारियों को ट्रैफिक नियमन में सुधार हेतु नियमित अभियान चलाने, प्रमुख चौराहों पर यातायात कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने, और आमजन को ट्रैफिक शिक्षा देने के निर्देश दिए गए। एविडेंस बेस्ड एमवी एक्ट की करवाई हेतु निर्देशित किया गया- अधिक दुर्घटना क्षेत्र में अधिक स्वाट बेल्ट, हेलमेट, ड्रिंक एंड ड्राइव की करवाई। पिक अप एवं ट्रेक्टर में सवारी लोड करने पर करवाई साथ ही चालक के लाइसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव भेजने को आदेशित किया गया चलित थाना- संवाद 2.0 की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने, शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं पुलिस की जनता में विश्वास बढ़ाने हेतु इन प्रयासों को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने की बात कही। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला के निर्देशन एवं सुझाव अनुसार, पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा कैप्सूल कोर्स डिज़ाइन कर स्वयं फर्स्ट लेवल फील्ड ऑफिसर्स को की धारा- 356 ट्रायल इन एब्सेंशिया (अनुपस्थित अभियुक्त के विरुद्ध परीक्षण) के संदर्भ में अधिकारियों को क्रियान्वयन एवं उपयोगिता के संदर्भ में ट्रैनिंग दी गई तथा उनके समुचित उपयोग की अपेक्षा की गई। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा के द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। थाना चौकी प्रभारी फगुरम एसआई तिवारी को तीन लापता बच्चों को जारसुगुड़ा से सकुशल बरामद करने के लिए प्रशंसा सहित इनाम प्रदान किया गया, यह बच्चे ट्रेन में बैठकर खरसिया से आगे लोगो से पैसे माँगते हुए बढ़ गए थे।

'सुशासन तिहार' के अंतर्गत मिले आवेदनों की समीक्षा की

आवेदनों के निराकरण में लापरवाही, 6 अधिकारियों को कलेक्टर ने थमाया नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 6 अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी और सीएमओ पथरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के पूर्व सभी लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि नागरिकों को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कई विभागों द्वारा सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर प्रसन्नता भी

जाहिर की। कलेक्टर ने बताया कि 5 मई से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिला कलेक्टोरेट में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, सभी नोडल अधिकारियों को शिविर स्थल का निरीक्षण कर जायजा लेने और शिविर के सफ्ल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत 05 मई से 31 मई तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शासन की योजनाओं की जानकारी, आवेदन की स्थिति, लाभ वितरण सहित कई जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 05 मई को ग्राम दौना के शासकीय माध्यमिक स्कूल, 06 मई को मंदिर परिसर सेतगंगा, 07 मई को स्कूल मैदान राम्हेपुर एन., 08 मई को खेल मैदान अमोरा, 09 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर भालापुर, 10 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान डिंडौरी, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान बदरा ब, 13 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान खपरीकला, 14 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, 15 मई को सिद्ध मुनिबाबा मेला मैदान सेमरसल, 16 मई को मेला स्थल पथरगढ़ी, 17 मई को हाइस्कूल परिसर पण्डरभट्ठा, 19 मई को शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान बिजराकछार, 20 मई को खेल मैदान हथनीकला, 21 मई को धान खरीदी केन्द्र के पास कंतेली और शासकीय हाइस्कूल मैदान कोयलारी, 22 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान गोड़खाम्ही, 23 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान पड़ियाईन, 24 मई को चारभाठा और शासकीय हाइस्कूल मैदान बैगाकापा, 26 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान मनोहरपुर, 27 मई को क्रिकेट खेल मैदान सल्फा, 28 मई को कृषि कॉलेज के समाने चातरखार, 29 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान चेचानडीह, 30 मई को स्कूल परिसर के पास थाना के पास छतौना और 31 मई को ग्राम लालाकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जांच को लेकर ट्रैफिक सहायक उपनिरीक्षक व व्यवसायी के बीच विवाद, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। वाहन जांच को लेकर यातायात शाखा अम्बिकापुर में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक और लखनपुर व्यवसायी के दरमियान हुये बाताबाती झड़प का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम रजपुरी कला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130में सहायक उपनिरीक्षक हिजनुस कुजूर आ0 स्व0 जोसेफ कुजूर उम्र 61 वर्ष साकिन यातायात शाखा अम्बिकापुर में पदस्थ शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 03-9903 में कार्यरत अपने सहयोगी कर्मचारियों इन्द्र प्रताप एवं नागेश्वर राजवाड़े के साथ यातायात शाखा प्रभारी के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान लखनपुर के ओर से आ रहे बिना नम्बर सफेद रंग के पीकप वाहन की नम्बर पूछने पर सीजी 15 ए सी 1123 बताया जांच करने पर चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई । तथा लखनपुर व्यवसायी राकेश अग्रवाल का गाड़ी होना बताया गया। फाइन कटाने बोला गया। पीकप चालक अपने मालिक से फोन पर बात करने अधिकारी से बोला जांच कर्ता अधिकारी कुजूर वाहन मालिक राकेश अग्रवाल से जवाब तलब किये। व्यवसायी और अधिकारी के बीच जमकर बहसबाजी हुई। राकेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और अधिकारी से मुखातिब होते हुए वाहन की चालान काटने से मना किया और कहा जानते नहीं मैं अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल का भतीजा हूं गाली गलौज करते हुए बस्तर ट्रांसफर करवा दूंगा तुम पुलिस वालों की गुंडा गर्दी बढ़ गई है। दोनों के मध्य जमकर बहसाबहसी कहासुनी हुई। ट्रैफिक सहायक उपनिरीक्षक हिजनुस कुजूर ने थाना उपस्थित आकर राकेश अग्रवाल निवासी लखनपुर के खिलाफ सरकारी काम में दखल अंदाजी एवं अश्लील गालियां देने से आहत एफआईआर दर्ज कराया। मामले में लखनपुर पुलिस 296,351(2) 221, 224, बीएनएस तथा एम व्ही एक्ट 179(1) एवं एससी-एसटी एक्ट की धारा 3-1(ह) 3-1(ध्र) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया है। विधायक राजेश अग्रवाल ने इस मामले में कहा राकेश अग्रवाल मेरे रिस्तेदारो में से नहीं है। आरोपी के उपर जुर्म दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाए।

निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने किया सरस कवि-सम्मेलन का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति के ओर से भारतेंदु भवन अम्बिकापुर में वार्षिक सम्मान समारोह, पुस्तक-विमोचन एवं कवि-सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ कवि और संस्थापक अध्यक्ष एसपी जायसवाल निश्छल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत, विशिष्ट अतिथि जायसवाल समाज के संभागीय अध्यक्ष उमेश जायसवाल, राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ के जिला समन्वयक राजेश तिवारी, कवयित्री मीना वर्मा और कवि डॉ. उमेश पांडेय रहे।मंच संचालन वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे ने किया। श्रोताओं ने देर शाम तक कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया।

अतिथियों ने धूप-दीप प्रज्वलित कर मां वीणावादिनी की पूजा-अर्चना किये पश्चात् कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गीतकार पूनम दुबे 'वीणा' ने सुमधुर स्वरों में सरस्वती-वंदना की प्रस्तुति दी। निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति की ओर से प्रतिवर्ष किसी एक सरगुजिहा कवि को शॉल-श्रीफल

और नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के लिए पुहपुटरा, लखनपुर निवासी वरिष्ठ कवि आनंदराम 'अकेला' को सम्मानित किया गया। चौबीस पुस्तकों के रचयिता कविवर एस पी जायसवाल को भी जायसवाल समाज के संभागीय अध्यक्ष उमेश जायसवाल ने शॉल-श्रीफल और नगद राशि से सम्मानित किया। साथ ही उनके दो काव्य-संग्रह- 'नोनी कर दाई' (सरगुजिहा) और काव्यकुंज (हिन्दी) का विमोचन भी अतिथियों ने किये । विदित हो कविवर एसपी जायसवाल के सतत् प्रयासों से दक्षिण भारत के लोग भी अब सरगुजिहा को जानने लगे हैं। और उनकी इसमें दिलचस्पी बढ़ी है। काव्यगोष्ठी में पहलगाम आतंकी हमले पर कवियों द्वारा गहरा दुख और रोष व्यक्त किया गया। सभी कवियों द्वारा एक स्वर से इस वीभत्स व कायराना घटना की तीखी भर्त्सना की गई और आतंकी हमले को अंजाम देनेवाले आतंकियों और उनके आकाओं के ख़िलाफ़ कड़ी कारवाई की मांग सरकार से की गई। कवयित्री मंशा शुक्ला का ग़ुस्सा उनकी कविता में फूट पड़ा- क्षमा की हद हुई पूरी, अब प्रतिकार बाक़ी है। दुराचारी दरिंदों पर अब प्रतिघात बाक़ी है।। वरिष्ठ कवयित्री गीता दुबे ने भी ललकारा- कितनी सूनी कर दीं मांगें, कितने मेंहदी के हाथ धुले। हुईं गोदें सूनी, रोईं मांएं, बापू के कलेजे पत्थराए। अब तो जागो हिन्दू चेतो, क्या कलमा याद करोगे। गीतकार गीता द्विवेदी के गीतात्मक हुंकार में आतंकियों से लड़ने हर भारतीय का संकल्प अनुगूंजित हो उठा- वीरता से हम लड़ेंगे।

श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम चातरखार में स्व. कुंज राम साहू के वार्षिक श्राद्ध के पर 27 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई को आयोजित है। गीता पाठ, तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा, वार्षिक श्राद्ध के साथ समापन होगा कथा वाचक पंडित दिनेश शर्मा महली पंडरिया के द्वारा आज की कथा में समुद्र मंथन, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण कार्यक्रम को सफ्ल बनाने राजेंद्र साहू, जयराम साहू, राम साहू, चंद्र कुमार साहू, डॉ. रामकुमार साहू परस, मनोज, पुरुषोत्तम रामलखन, मुरीतसाहू, मुनीराम, धनी राम, जोहन, धर्मेंद्र साहू, सुखराम नरेश्वर साहू सहित कार्यकर्तागण जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लाक लखनपुर क्षेत्र के सूदूर वनांचल ग्राम पंचायत कटिन्दा लोसगा से थाना चौकी कुन्नी तक गुजरने वाली सड़क तकरीबन 6 किलोमीटर जो ग्राम पंचायत पटकुरा को जोड़ती है । पहुंच मार्ग के खस्ताहाली एवं बीजली विस्तार नहीं होने से एरिया में निवासरत परेशान ग्रामीणो ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता धीरेन्द्र शर्मा से चर्चा करते हुए बताया कि -वर्षो से बीजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज तथा दूसरे जनप्रतिनिधियों को भी हमारे तकलीफो की परवाह नहीं है । ग्रामीणो के तकलीफ को समझते हुए उनके मांग के अनुरूप

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता धीरेन्द्र शर्मा ने क्षेत्र वासियों के ओर से 1 मई दिन गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है । जिससे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सड़क सुधार के साथ बीजली खंभे का विस्तार हो सके।

पीएमश्री विद्यालय में तीनदिवसीय शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम

लखनपुर/नवप्रदेश। पी एम श्री सेजस लखनपुर मे जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में द टीचर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथि के रुप में रवि अग्रवाल, (एसएमडीसी अध्यक्ष) तथा नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू नेहा सनी बंसल, सचिन अग्रवाल सौरभ अग्रवाल, एवं विकास अग्रवाल के साथ गणमान्य नागरिक शामिल हुए । कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को शैक्षिक गतिविधियां एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति साथ रखने के लिए तैयार किया गया । इस तीन दिवसीय प्रोग्राम में शिक्षक अभिमुखीकरण के तहत विभिन्न शीर्षकों - शिक्षण विधियां, तकनीकी एवं शिक्षण शास्त्र, पाठ्यक्रम और पाठ् योजना टी एल एम ,छात्र केंद्रित शिक्षण ,आकलन एवं मूल्यांकन, कक्षा प्रबंधन शिक्षक, छात्र संबंध, प्रौद्योगिकी, एकीकरण ,विशेष आवश्यकता वाली छात्रों के लिए शिक्षा, शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन स्कूल नीतियां एवं प्रक्रियाएं, स्कूल और समाज के बीच संबंध इत्यादि शीर्षकों पर आधारित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया।

प्रथम दिवस 28 अप्रैल को अतिथियों तथा अपूर्ण प्रधान दीपमाला गुप्ता एवं रीमा इक्का ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिनांक 29 अप्रैल को सहायक संचालक डी0 के0 राय के द्वारा विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाओं का उन्मुखीकरण किया गया जिसमें उन्होंने शिक्षकों के अनुशासन तथा विद्यार्थी अनुशासन पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ज्ञानमती इक्का फूल कुमारी लकड़ा ने विस्तृत जानकारी दिए कार्यक्रम के समापन दिवस 30 अप्रैल को प्रतिमा कच्छप,ऋचा दुबे, बी0 के0 दिहुलिया सहाना आफरीन एवं प्राचार्य ऋषि कुमार पांडेय के द्वारा उपरोक्त शीर्षकों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक उनके समाज के प्रति कर्तव्यों विद्यालय के दायित्व के बारे में विस्तार से समझाया गया । कार्यक्रम समापन अवसर पर कुशवाहा ने कहा - कार्यक्रम की सफलता तब है जब हमारे द्वारा सीखें गये तत्वों को हम विद्यालय तथा समाज तक पहुंचा सके।

हीरक जयंती ... 7 किलोमीटर लंबी रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने सहभागिता निभाई

जन-जागरूकता फैलाने प्रभावशाली साइकिल संदेश रैली का किया आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन और उचित मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75वें हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर मुंगेली जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक प्रभावशाली साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली को जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर एवं जिला उपाध्यक्ष रामशरण यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली बीआरसाव स्कूल से होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन तक पहुंची जहां इसका समापन कार्यक्रम हुआ। लगभग 7 किलोमीटर लंबी रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने सहभागिता निभाई। बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम के साथ नारों की गूंज ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और रैली के माध्यम से जल तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत किया गया। सायकल रैली की प्रमुख बात यह रही कि स्काउट संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयं साइकल चलाकर इसमें भागीदारी दी,

जिससे समाज को यह संदेश गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल उपदेश नहीं, अपितु स्वयं के आचरण से शुरू होता है। यह आयोजन न केवल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बना, बल्कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी की एक अनुकरणीय मिसाल भी प्रस्तुत कर गया। रैली समापन पश्चात पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। आजीवन सदस्य शीला जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण हमारे लिए बहुत ही जरूरी है सुरक्षा एवं संरक्षण हमारा कर्तव्य है। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। जला सचिव मोनू बेलदार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आजीवन सदस्य दिलीप ताम्रकार, सरिता बाजपेयी, जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे, रोहिणी ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर, वरिष्ठ स्काउटर पीताम्बर मानिकपुरी, वीरेन्द्र कश्यप, दिनेश साहू, विजेंद्र कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कश्यप सहित दर्जनों स्काउटर गाइडर रोवर रेंजर मौजूद रहे।

शैक्षणिक भ्रमण : विश्व के 7 अजूबों सहित राम मंदिर के मॉडल के अवलोकन किया

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक दोनों माध्यम के विद्यार्थियों का समूह ने 29 अप्रैल 2025 को शैक्षणिक भ्रमण पर सर्वप्रथम वंडर वर्ल्ड पहुँच कर विश्व के 7 अजूबों सहित राम मंदिर अयोध्या के मॉडल के अवलोकन किए। इसके उपरांत बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डा बिलासपुर में विमान आवागमन से संबंधित जानकारी प्राप्त किए। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ग्रंथालय, राजप्रत्र, आर्काइव एवं आडिटोरियम का अवलोकन कर न्यायालयीन अधोसंरचना से अवगत हुए। तत्पश्चात डॉ. ए.पी.जे.अब्दूल कलाम तारामण्डल में सौरमण्डल के ग्रहों, नक्षत्रों उपग्रहों एवं आकाशगंगा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन होने से उनमें वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक जानकारी का विकास हुआ एवं उनमें नई नई बातें जानने की जिज्ञासा जागृत हुई।

तीन महीने में 73 सौ पीड़ितों को सिम्स में लगा एंटी रैबिज

संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए 24 घंटे एंटी रैबिज लगाने की सुविधा उपलब्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। जानवर के काटने से होने वाली बीमारी रैबिज को लेकर गंभीर होना आवश्यक है। यह संक्रमित बीमारी है जो जानवरों के काटने या खरोचने से होती है। समय पर एंटी रैबिज इंजेक्शन नहीं लगने पर कई बार पीड़ित व्यक्ति इसकी चपेट में आकर जान गंवा बैठता है। सिम्स में रैबिज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में बाजार दर से कम मूल्य पर उपलब्ध है। सिम्स के अधीक्षक डाक्टर लखन सिंह ने रैबिज से जुड़े कई भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी।

डाक्टर लखन सिंह ने बताया कि रैबिज की बीमारी जानवरों के काटने से होने वाली संक्रमित बीमारी है। पीड़ित व्यक्ति को एंटी रैबिज इंजेक्शन दस दिनों के भीतर और ईम्यूग्लोबिन वैक्सीन 24 घंटे के अंदर लगाना जरुरी है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि रैबिज से बचाव के लिए कटे हुए या खरोचे हुए स्थान को साबुन और बहते हुए पानी से तत्काल धोना चाहिए। 24 घंटे के अंदर ही वैक्सीन को प्राथमिकता के साथ लगवाना चाहिए। वैक्सीन के पांच डोज लगाए जाते हैं और रैबिज ईम्यूग्लोबिन वैक्सीन को कटे हुए स्थान के आसपास लगाया जाता है जिससे संक्रमण न फैले। किसी भी जानवर के काटने के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में कई बार पीड़ित और उनका परिवार समय खराब कर देता है, जिसका दुष्प्रभाव पीड़ित के स्वास्थ्य में दिखाई देता है इसलिए बिना समय गंवाए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में जाकर वैक्सीन लगवा लेना चाहिए। रैबिज के संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीन ही एक बचाव है और ऐसा नहीं करने पर रैबिज होने के बाद उस व्यक्ति को बचाना असंभव होता है और व्यक्ति अपनी जिंदगी गंवा बैठता है। सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि रैबिज जैसी फैलने और संक्रमणकारी बीमारी को ध्यान में रखते हुए सिम्स में 24 घंटे एंटी रैबिज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के साथ ही इसे 24 घंटे लगाने की सुविधा भी सिम्स में है।

कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध

सिम्स अधीक्षक डॉक्टर सिंह ने बताया कि रैबिज के सामान्य लक्षण बुखार, सिर दर्द, थकान और मांसपेशियों में कमजोरी के साथ शुरु होता है। यह नर्वस सिस्टम को कमजोर बना देती है। बाजार में एंटी रैबिज वैक्सीन 3 सौ से 5 सौ रुपए में उपलब्ध है। वहीं ईम्यूग्लोबिन वैक्सीन 15 हजार से 20 हजार की कीमत पर बाजार में मिलते हैं। सिम्स में एंटी रैबिज वैक्सीन डेढ़ सौ से दो सौ रुपए और ईम्यूग्लोबिन वैक्सीन 5 हजार से 6 हजार की कीमत पर उपलब्ध है। पीड़ित को जानवर काट लेने के 24 घंटे के अंदर ही इंजेक्शन लगवाना अनिवार्य है, जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। कई बार वैक्सीन लगवाने में लेटलतीफी की वजह से पीड़ित की स्थिति गंभीर हो जाती है।

आवारा पशुओं पर लगे लगाम

सिम्स अधीक्षक डॉक्टर लखन सिंह ने बताया कि जनवरी से लेकर दिसंबर 2024 तक 22824 एंटी रैबिज वैक्सीन सिम्स में लगे हैं। वहीं जनवरी से मार्च 2025 तक 7308 रैबिज वैक्सीन सिम्स में लगे हैं। इसमें ज्यादातर लोग आवारा कुत्तों के काटने के शिकार हैं, जिसे रोका जा सकता है। आवारा पशुओं को रिहायशी जगहों से दूर रखने से इन घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

वूमेन एशिया बेसबॉल में शहर के खिलाड़ी ने लहराया परचम

बिलासपुर/नवप्रदेश। चौथा वूमेन' एशिया बेसबॉल क्वालीफायर प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में 23 से 29 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय महिला दल ने सिल्वर पदक प्राप्त किया, जिसमें बिलासपुर जिले की नेहा यादव ने भी भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया और अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत और प्रदेश के लिए पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम 'ए' पूल में रखा गया था।जिसमें भारत के अलावा पाकिस्तान,श्रीलंका और ईरान की टीम शामिल थी अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 15-04 से वही अपने दूसरे मैच में चीर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 02-01 से हराया जबकि अंतिम मैच में ईरान को 13-00 से हराकर सेमीफाइनल मैच में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला मेजबान थाईलैंड से हुआ इस रोमांचक मैच में भारतीय महिला टीम ने 06-05 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल में इंडोनेशिया से बहुत ही रोमांचक मुकाबले में भारतीय महिला टीम को 05-04 से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर पदक से संतोष करना पड़ा इसी के साथ भारतीय टीम ने अक्टूबर माह में चीन में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला एशिया कप में अपनी जगह बनाई।

वर्चुअल गुंडरदेही के नए सिविल न्यायालय भवन का भूमिपूजन व आधारशिला रखा

आम जनता को गुणवत्तायुक्त न्याय दिलाने आधारभूत न्यायिक अधोसंरचना आवश्यक: सीजे

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा बीते एक मई को वर्चुअल माध्यम से गुंडरदेही जिला बालोद में नये सिविल न्यायालय भवन का भूमि पूजन एवं आधार शिला रखा गया। छत्तीसगढ़ में न्यायिक अधोसंरचना में वृद्धि के प्रति अपनी दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए एवं आम जन के लिए बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायधिपति के द्वारा बालोद जिले के गुंडरदेही तहसील में नया सिविल कोर्ट भवन के लिये वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर अपने प्रभावशाली सम्बोधन में मुख्य न्यायाधिपति ने न्याय की प्रभावी पहुंच आम जन तक स्थापित किये जाने में न्यायिक अधोसंरचना के महत्व पर जोर देते हुए कहा गया कि छ.ग. राज्य के समस्त जिलो में बुनियादी न्यायिक अधोसंरचना स्थापित होने से न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता बढ़ने के साथ-साथ आम जन को निष्पक्ष एवं कुशल न्याय शीघ्र सरल एवं शुलभ हो सकेगा। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायधिपति द्वारा न्यायमूर्ति नरेन्द कुमार व्यास पोर्टफोलियो न्यायाधीश के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद, लोक निर्माण कार्य विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को गुणवत्ता एवं मानकों से समझौता किये बिना न्यायालय भवनों को समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे उक्त भवन वर्षो तक आम-जन तक न्याय की पहुंच स्थापित करने हेतु सक्षम रहे। इस दौरान बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत बालोद जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के स्वागत भाषण से हुई और समापन गुडरदेही में पदस्थ वरिष्ठ व्यवहार न्यायधीश के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

15 माह के भीतर होगा निर्माण

बालोद जिले के दूरस्थ तहसील गुंडरदेही में 1.20 हे. क्षेत्रफल में 7,74,50,000/- (सात करोड़ चौहत्तर लाख पचास हजार रू) की लागत से दो न्यायालय कक्ष के साथ लाईब्रेरी, कॉमन रूम, बाल कक्ष, विभिन्न अनुभाग एवं विधिक सहायता कार्यालय से साथ-साथ कॉन्फ्रेस हॉल एवं पक्षकारों हेतु प्रतीक्षा कक्ष का निर्माण 15 माह के समय-सीमा में किया जाना है। उपरोक्त भूमि पूजन एवं आधार शिला कार्यकम का वर्चुअल माध्यम से न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

फर्जी कार्डियोलाजिस्ट डॉ. केम एक दिन रहेंगे पुलिस रिमांड पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो अस्पताल में कार्यरत फर्जी कार्डियोलाजिस्ट डा नरेंद्र विक्रमादित्य उर्फ डा केम को गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। सीजेएम कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट के तहत डा केम को पूछताछ के लिए लाने की अनुमति दे दी थी जिसे पुलिस ने आज न्यायलय में पेश किया और न्यायालय ने डाक्टर को एक दिन की पुलिस रिमांड दी है।

डॉक्टर के कृत्य को क्रूरतम कृत्य मानते हुए कठोर दंड दिलाने हेतु तथ्यात्मक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। पूर्व विधान सभा अध्यक्ष स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ला को परिजनों ने 2 अगस्त 2006 को अपोलो अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया था। उनका एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के दौरान मौत हो गया था। पुत्र डॉ प्रदीप शुक्ला ने फर्जी कार्डियोलाजिस्ट डा केम के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर जांच की मांग की थी। उनकी शिकायत को पुलिस ने गंभीर अपराधिक घटना मानते हुए तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कर उक्त मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर , अपोलो अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस अधीक्षक दमोह से रिपोर्ट मंगाया गया एवं पुलिस द्वारा अपने स्तर पर जांच प्रारंभ किया गया और जांच के बिंदु को आरोपी डॉक्टर के डिग्री पर फोकस किया गया, डॉक्टर के अस्पताल में नियुक्ति संबंधी दस्तावेज प्राप्त किया गया। जांच में पाया गया कि ष्ठ रूकार्डियोलॉजी का डिग्री फर्जी है एवं छ ग मेडिकल काउंसिल में पंजीयन नहीं है । आरोपी डॉक्टर को एंजियोप्लास्टी करने का अधिकार ही नहीं था ,मामला चिकित्सकीय लापरवाही का न होकर क्रूरतम अपराधिक मानव वध का है।

दूषित पानी मिलने पर ब्लीचिंग पाउडर या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर करें स्वच्छ

■ **पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निर्देश जारी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने इसके लिए सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। विभाग ने मौसमी बीमारियों एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के प्रति सचेत रहते हुए इनके रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संचालनालय से सभी निकायों को जारी परिपत्र में 15 जून के पहले नलकूप स्त्रोतों को क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगरीय निकायों में स्थापित एवं संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहरों की उच्च स्तरीय पानी टंकियों की सफाई का काम 10 जून तक पूर्ण करने को कहा है। विभाग ने जल प्रदाय वाली पानी टंकियों की साल में कम से कम दो बार सफाई कराने के निर्देश दिए हैं।

कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच के लिए तीन स्थानों से लें सैंपल

कोलीफार्म बैक्टीरिया की मौजूदगी वाला जल पीने योग्य नहीं होता। इसलिए पेयजल में कोलीफार्म बैक्टीरिया की नियमित जांच जरूरी है। इसके लिए तीन स्थानों से सैंपल लेकर जांच करना चाहिए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट के बाद प्राप्त होने वाले जल का प्रत्येक घंटे में, स्टोरेज टंकियों से प्रतिदिन दो बार और प्रत्येक बस्ती के कम से कम दो-तीन घरों से प्रतिदिन पानी का सैम्पल लेकर कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच की जाना चाहिए। जल के नमूने में कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर उस जल स्त्रोत से पेयजल का प्रदाय तत्काल रोक देना चाहिए। जल सैम्पल की जाँच में कोलीफार्म अनुपस्थित होने पर ही पेयजल का दोबारा प्रदाय प्रारंभ किया जाये। जलापूर्ति प्रभावित होने पर संबंधित क्षेत्र में किसी अन्य प्रकार से जैसे टैंकर इत्यादि से पेयजल पहुँचाये।

अंडर-13 जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 4 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शतरंज संघ का एक दिवसीय अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता 4 मई को होगी। प्रतियोगिता पल्लव भवन रिंग-2 के पास सुबह 9 बजे से होगी। विजेता दो बालक व दो बालिका खिलाड़ी का चयन बेमेतरा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। इसमें 1 जनवरी 2012 या उसके बाद की जन्म तिथि वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। भाग लेने के लिए जिला शतरंज संघ के सचिव विक्रांत कक्कड़ से पंजीयन करा सकते हैं।

शासकीय विद्यालय चिंगराजपारा में 11वीं व 12वीं की कक्षाएं लगाने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगराजपारा में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने एक महत्वपूर्ण मांग को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय का रुख किया। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि उनके विद्यालय में वर्तमान में केवल कक्षा दसवीं तक ही शिक्षा उपलब्ध है, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अन्य स्कूलों की ओर रुख करना पड़ता है। विद्यार्थियों ने मांग की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की पढ़ाई भी प्रारंभ की जाए। विद्यार्थियों ने बताया कि चिंगराजपारा विद्यालय में पूर्व से संचालित हिंदी माध्यम स्कूल के साथ-साथ अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल भी चालू हो चुका है, जिसमें कक्षा बारहवीं तक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि, हिंदी माध्यम में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को केवल दसवीं तक ही पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। इस कारण कई छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्रों का कहना है कि इस विद्यालय में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के अति निर्धन परिवारों के बच्चे पढ़ाई करते हैं। उनके पास अन्यत्र जाकर पढ़ाई करने के सीमित संसाधन होते हैं। ऐसे में जब विद्यालय में पहले से ही पर्याप्त भवन, शिक्षक एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं, तो वहां कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई शुरू करना न केवल आवश्यक है, बल्कि व्यवहारिक भी है। विद्यार्थियों ने यह भी उल्लेख किया कि यदि विद्यालय में उच्च कक्षाएं प्रारंभ नहीं की गईं, तो कई होनहार छात्र-छात्राओं की शिक्षा अधूरी रह जाएगी, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होगा।

परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर समग्र ब्राह्मण समाज द्वारा बिलासपुर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया । इस आयोजन में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई । सर्वप्रथम दयालबंद में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के सदस्यो द्वारा शोभायात्रा मे शामिल विप्रजनों एवं श्रद्धालुओं का आरती एवं तिलक लगाकर एवं परशुराम के जयकारे के साथ भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात शोभायात्रा में शामिल सभी विप्रजनों के लिए शीतल पेय का वितरण किया गया। इसके बाद वहीं से महासभा के समस्त पदाधिकारियो एवं सदस्य ने शोभायात्रा में शामिल होकर बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेंद्र तिवारी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष संजय तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दिव्या चतुर्वेदी वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रभा तिवारी शलभ चतुर्वेदी दीपकराज तिवारी, अक्षत तिवारी,आर्यवीर चतुर्वेदी, विजेंद्र तिवारी, विजय तिवारी, कृष्णा पांडे, अंजली ज्योतिष चतुर्वेदी, प्रेमलता दुबे, सीमा तिवारी, सरला शर्मा, राजश्री मिश्रा, विमलेश तिवारी, देवयानी तिवारी, पूनम पांडे, आशा गांधी, रामिका दुबे, सुषमा पांडेय उपस्थित थे।

आर्यावृत ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई

40 पाव देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश।40 पाव देशी शराब सहित एक आरोपी को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने थाना सीपत द्वारा 1 मई को ग्राम खम्हरिया में अवैध देशी शराब बिक्री करने की सूचना पर सीपत पुलिस टीम तैयार कर ग्राम खम्हरिया में रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी मो. आरिफ पिता मो. सगीर उम्र 38 साल निवासी खम्हरिया थाना सीपत से 40 पाव देशी प्लेन शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, प्र आरक्षक कौशल प्रसाद वस्त्रकार, आरक्षक सुभाष मरावी, राजेंद्र साहू का सराहनीय योगदान है।

आयोजन

गीली हल्दी से माता लक्ष्मी की प्रतिमा तैयार की गई

सोलापुरी उत्सव में देवी लक्ष्मी स्वरुप में की गई माता की पूजा-अर्चना

बिलासपुर/नवप्रदेश। बंगला यार्ड, स्टेशन रोड बाराह खोली चौक में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव में गुरुवार को देवी लक्ष्मी स्वरूप में माता की पूजा अर्चना की गई। देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना गुरुवार को की जाती है। वैसे तो धन-धान्य सुख समृद्धि की देवी लक्ष्मी पूरे देश में पूजी जाती है। उत्तर भारत में दीपावली पर उनकी पूजा अर्चना की जाती है दक्षिण भारत में भी तिरुपति के आगे उनका प्रसिद्ध मंदिर है। इसी स्वरूप में गीली हल्दी से माता लक्ष्मी की प्रतिमा तैयार की गई। हर दिन की भांति विधि विधान के साथ उनकी पूजा की गई। इस दिन देवी को दक्षिण भारतीय व्यंजन चंद्रकांतालू का प्रसाद अर्पित किया गया। हर दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। फोटो फ्रेम अमर अग्रवाल विधायक के द्वारा निकाला गया। साधना, स्वाती (खड़गपुर) भानु प्रिया (टाटा नगर)। बच्चे का लक्की ड्रा ओम देवांगन ने निकाला। मंजू दीप, जय दीप (विशाखापत्तनम) ए के पायल (विशाखापत्तनम)। सारी का लक्की ड्रा नेहा पांडे के द्वारा मीना सिंह, पदमा, पायल, मल्लेश्वरी, रानी कुमारी।

आज कुमकुम पूजा

अखंड सुहाग की कामना के साथ महिलाएं कुमकुम पूजा करती है। इस शुक्रवार को सुबह पूजा पंडाल में कुमकुम पूजा का आयोजन किया गया है। जिसके लिए लगभग 600 महिलाओं ने पंजीयन कराया है। यह सभी निर्जला उपवास रखकर कलश सजाकर पुजारी पार्थसारथी के साथ अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए कुमकुम पूजा करेंगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और उनकी पत्नी वी हेमलता द्वारा सभी व्रतधारी महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की जाएगी। तो वही उनके दोपहर भोज का भी आयोजन उनकी ओर से किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

अप्रैल में शेयर बाजार ने दिया 3 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

मुंबई। वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय शेयर बाजार का अप्रैल में प्रदर्शन शानदार रहा। इस दौरान सेंसेक्स ने 3.65 प्रतिशत और निफ्टी ने 3.46 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीते महीने बैंकिंग इंडेक्स ने शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व किया और निफ्टी बैंक ने 6.83 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसके साथ ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स ने 4 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। अप्रैल में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप का प्रदर्शन अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 4.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 2.19 प्रतिशत का रिटर्न दिया। बीते महीने निफ्टी में इंडसइंड बैंक (29 प्रतिशत), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (16.4 प्रतिशत), इटरनल (जोमैटो) (15.3 प्रतिशत), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस (14.1 प्रतिशत) और टाइटन (10.3 प्रतिशत) की तेजी के साथ सबसे ज्यादा बढ़ाने वाले शेयर थे। वहीं, टाटा स्टील (9.2 प्रतिशत), हिंडाल्को (8.5 प्रतिशत), विप्रो (7.9 प्रतिशत), श्रीराम फाइनेंस (6.8 प्रतिशत) और इन्फोसिस (4.5 प्रतिशत) सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर थे। वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 46 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,242 और निफ्टी 1.75 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 24,334 पर था। अप्रैल लगातार दूसरा महीना है जब विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का इक्विटी के कैश सेगमेंट में निवेश सकारात्मक रहा है। बीते महीने एफआईआई की ओर से भारतीय बाजारों में 2,735.02 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। मार्च में यह आंकड़ा 2,014.18 करोड़ रुपए था। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी खरीदारी का क्रम जारी रखा। अप्रैल में घरेलू निवेशकों ने शेयर बाजार में 28,228.45 करोड़ रुपए निवेश किए। मार्च में यह आंकड़ा 37,585.68 करोड़ रुपए था।

सेल के निदेशक वित्त का डॉ. अशोक कुमार पांडा ने संभाला पदभार

नई दिल्ली(ए.)। डॉ. अशोक कुमार पांडा ने 30 अप्रैल को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। डॉ. पांडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डॉ. पांडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले, डॉ. पांडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है।

अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. पांडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें डिलेवरेजिंग प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सेल इकाइयों में ई- इनवॉयसिंग कार्यान्वयन और डिजिटल इनवॉयसिंग शुरू करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों के अलावा, डॉ. पांडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में काम किया है, जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है।

वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा, उन्होंने खनन, संयंत्र संचालन, परियोजनाओं आदि के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार - 2012 जैसे पुरस्कार मिले हैं। वे युवा प्रबंधकों के लिए चेयरमैन ट्रॉफी में उपविजेता भी रहे, जिसने उनके करियर के शुरुआती चरण में उनके नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल को उजागर किया। डॉ. पांडा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, व्यावसायिक बैठकों आदि के लिए व्यापक रूप से यात्रा की है। उन्होंने विदेशी और घरेलू संस्थानों से कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से मिला समर्थन

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति अप्रैल में सुधरी है और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है।

शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 से बढ़कर अप्रैल में 58.2 हो गया। यह दस महीनों में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि से मदद मिली। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे

अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डरों में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य और अमेरिकी टैरिफ घोषणाओं के अनुरूप खुद को ढाल रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ-साथ रोजगार और क्रय गतिविधि में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में कहा गया है, उत्पादन की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि जारी रखी। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले ठीक 9 प्रतिशत लोगों ने अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर रखा, तथा कथित तौर पर स्थायी और अस्थायी अनुबंधों की पेशकश की गई। नये व्यवसाय के विकास के साथ-साथ क्रय गतिविधि में भी वृद्धि हुई, तथा इनपुट खरीद में नवीनतम तीव्र विस्तार का श्रेय आंशिक रूप से स्टॉक-निर्माण पहल को भी दिया गया। भंडारी ने कहा, मजबूत ऑर्डरों के कारण विनिर्माण उत्पादन वृद्धि दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इनपुट कीमतों में थोड़ी तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन मार्जिन पर प्रभाव आउटपुट कीमतों में बहुत तेज वृद्धि से अधिक हो सकता है।

19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 17 रुपये की कटौती की गई

महंगाई से आम जनता को मिली राहत, सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली। ऑय मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज यानी 1 मई से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 17 रुपये की कटौती की गई है. संशोधित कीमतों से रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को फायदा होगा जो इन सिलेंडरों का इस्तेमाल दैनिक कार्यों के लिए करते हैं. हालांकि, घरों को थोड़ी राहत मिली है क्योंकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अप्रैल में बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप मासिक संशोधन में कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में 41 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की कटौती की गई थी. यह कटौती 1 मार्च को प्रति सिलेंडर 6 रुपये की बढ़ोतरी के बाद की गई है। कमर्शियल एलपीजी की कीमत अब मुंबई में 19 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 1713.50 रुपये,

दिल्ली में 1762 रुपये, कोलकाता में 1,868.50 रुपये और चेन्नई में 1,921.50 रुपये है। प्रमुख शहरों में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की नई दरें दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1747.50 रुपये होगी। कोलकाता- सिटी ऑफ जॉय में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1851.50 रुपये होगी। मुंबई- मैक्सिमम सिटी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1699 रुपये होगी. चेन्नई- तमिलनाडु की राजधानी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1906 रुपये है.
14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत
दिल्ली- 853 रुपये, कोलकाता- 879.00 रुपये, मुंबई- 852.50 रुपये चेन्नई- 868.50 रुपये

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जोरदार डिजाइन और 19 प्रीमियम फीचर्स के साथ इनोवा हाईक्रॉस का एक्सक्लूसिव एडिशन पेश किया

बैंगलोर। अपने ग्राहक-प्रथम पर कायम रहते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा हाइक्रॉस के एक्सक्लूसिव एडिशन ग्रेड में उपलब्ध होने और लॉन्च किये जाने की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस की उल्लेखनीय सफलता के आधार पर निर्मित यह नया संस्करण नीचे दी गई पेशकशों के साथ विशिष्ट स्टाइल और बेहतर केबिन अनुभव प्रदान करता हैः

देश भर में एक लाख से ज़्यादा ग्राहकों में भरोसेमंद, इनोवा हाईक्रॉस ग्लैमर की अपनी असाधारण भावना और कार्यकुशलता के साथ लगातार प्रभावित कर रही है। हर यात्रा को स्टीयरिंग व्हील के पीछे बैठे व्यक्ति की तरह विशिष्ट बनाने के लिए तैयार, इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन ZX(O) मई 2025 से जुलाई 2025 तक दो रंगों- सुपर व्हाइट और पर्ल व्हाइट में सीमित मात्रा में उपलब्ध होगा।

इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, इनोवा हाईक्रॉस ने अपने आकार और एसयूवी के संतुलन के साथ एमपीवी की विशालता के लिए लगातार ग्राहकों की मजबूत सराहना हासिल की है। इस ब्रांड में उनके निरंतर भरोसे के लिए हम वास्तव में आभारी हैं। आज, हम अपने कद्रदान ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सोच-समझकर तैयार किए गए इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशन को ZX(O) में लॉन्च करते हुए प्रसन्न हैं। यह विशेष वैरिएंट विशिष्टता और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है।

भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।

जनवरी-अप्रैल में मुंबई में ऑल टाइम हाई 52,896 नए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुए दर्ज

मुंबई। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी गति के बावजूद, मुंबई ने इस साल जनवरी-अप्रैल में 52,896 नए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के साथ अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया है। यह 2024 में इन्हीं चार महीनों के दौरान रजिस्टर्ड 48,819 प्रॉपर्टी की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी एनारॉक द्वारा गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (आईजीआर) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2025 के पहले चार महीनों में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से एकत्रित कुल राजस्व लगभग 4,633 करोड़ रुपए है। यह पिछले साल की इसी अवधि (जनवरी-अप्रैल 2024) की तुलना

में 21 प्रतिशत अधिक है, जब एकत्रित राजस्व 3,836 करोड़ रुपए था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, जनवरी से अप्रैल तक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डेटा और डिमांड के रुझान के आगे के विश्लेषण से पता चलता है कि बेचे गए घरों का एवरेज टिकट प्राइस 1.57 करोड़ रुपए था, जो 2023 और 2024 की याद दिलाती है, जब यह 1.56 करोड़ रुपए था। उन्होंने आगे कहा, 2021 में इसी अवधि में, औसत टिकट की कीमत काफी कम 1.02 करोड़ रुपए थी। इस प्रकार, जनवरी-अप्रैल 2021 और जनवरी-अप्रैल 2025 के बीच इसमें 54 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। संक्षेप में, 2025 में अधिक किफायती कैटेगरी की तुलना में महंगे घरों की अधिक बिक्री दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र राज्य राजस्व विभाग के अनुसार, प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से अधिकारियों द्वारा एकत्र किया गया कुल राजस्व और जनवरी से अप्रैल 2025 में मुंबई में कुल रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। गहन विश्लेषण से पता चलता है कि अप्रैल 2025 में पिछले सात वर्षों (2019 से) में इस महीने में सबसे अधिक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए, जिसमें 13,080 से अधिक प्रॉपर्टी रजिस्टर हुईं। अप्रैल 2025 में एकत्रित राजस्व लगभग 1,115 करोड़ रुपए था। इसकी तुलना में, अप्रैल 2024 में लगभग 11,648 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुए, जो इस वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत कम है। पिछले साल राजस्व संग्रह भी लगभग 5 प्रतिशत कम था।पुरी ने कहा, इस अवधि में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में उछाल के पीछे एक प्रमुख कारक मार्च में रिकॉर्ड-ब्रेकिंग एक्टिविटी है, जब 15,501 प्रॉपर्टी रजिस्टर की गईं।

खेल

महिला टी-20 विश्व कप 2026: 12 जून से इंग्लैंड में आगाज, लॉर्ड्स में होगा फाइनल

नईदिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा आयोजित महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड में 12 जून से 5 जुलाई तक किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में 5 जुलाई को खेला जाएगा। यह महिला टी-20 विश्व कप का दसवां संस्करण होगा, जिसमें पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी।

टीमें 2 समूहों में विभाजित होंगी, प्रत्येक समूह में 6 टीमें होंगी। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीमों के साथ मुकाबला करेगी।इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम मेजबान होने के कारण पहले ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इसके अलावा, 2024

महिला टी-20 विश्व कप की शीर्ष 5 टीमें भी सीधे क्वालीफाई कर चुकी हैं। एक अतिरिक्त टीम आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग के आधार पर चुनी जाएगी। शेष 4 स्थान विश्व कप क्वालिफायर के माध्यम से निर्धारित किए जाएंगे। 2024 महिला टी-20 विश्व कप का खिताब न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने अपने नाम किया था। 2026 महिला टी-20 विश्व कप का आयोजन इंग्लैंड के 7 प्रतिष्ठित स्टेडियम- लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार, 12 जून से होगी और यह 24 दिनों तक चलेगा। इस दौरान कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महिला क्रिकेट को वैश्विक खेल मंच पर और अधिक मजबूती से स्थापित करना है और खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है।

खिलाड़ियों की तैयारी तेज, कोच करवा रहे उठा-पटक

वाराणसी। खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर कोच और खिलाड़ियों की तरफ से तैयारियां की जा रही हैं। सुबह-शाम अभ्यास किए जा रहे हैं। डे बोर्डिंग स्कीम के तहत तीन अखाड़ों में 100 पहलवानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुश्ती की आगामी प्रतियोगिता और खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को कुश्ती खिलाड़ियों ने कोच रविंद्र मिश्र की देखरेख में अभ्यास किया। उमेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ी रोज सुबह-शाम तीन-तीन घंटे अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ी दम के लिए मिट्टी के अखाड़े पर जोर आजमाइश करते हैं जबकि कुश्ती गद्दे पर लड़ते हैं। खिलाड़ी मैट पर उतरने से पहले आधा घंटे वार्मअप करते हैं। इसके बाद गद्दे पर कुश्ती खेलते हैं। खिलाड़ियों को तेजी से अटैक और विपक्षी खिलाड़ी को बिना समय दिए बाई फॉल का प्रशिक्षण दिया जाता है। खिलाड़ी को ब्लॉक करने पर वॉर्न किया जाता है। लगातार गलती करने पर विरोधी खिलाड़ी को अंक भी दिया

जाता है। अब खिलाड़ियों को दांव लगाने पर अंक दे दिए जाते हैं। राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी यशवंत गिरी, करण यादव, कशिश आदि ने मैट पर अभ्यास किया। खेल प्रतिभाओं को तराशने और राष्ट्रीय फलक पर लाने के उद्देश्य से जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से चार प्रशिक्षण केंद्रों की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं। केंद्रों में नियमित रूप से 250 खिलाड़ियों को तैयार करने का दावा किया जाता है। अगले माह बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए जिले के इन साई केंद्रों से अभ्यास करने वाला एक भी खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। यूपी कॉलेज स्थित खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्र प्रमुख है। केंद्र में तीन साल से 120 खिलाड़ियों को वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए डे बोर्डिंग स्कीम के तहत तीन अखाड़ों में 100 पहलवानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बीएचयू में भी साई के सहयोग से 80 खिलाड़ियों को मुक्केबाजी और एथलेटिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंडुवाडीह के निवेदिता बालिका इंटर कॉलेज में 25 महिला पहलवानों के प्रशिक्षण की सुविधा है, लेकिन इस समय 10 महिला पहलवान ही प्रशिक्षण ले रही हैं। खेलो इंडिया के लिए कुछ खिलाड़ियों ने चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इनमें एक से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ जो अन्य जिले के हैं।

भिलाई में प्रदेश के सबसे बड़े ईएसआईसी हॉस्पिटल में 30 बेड आईपीडी शुरू

- पिछले एक साल से मिल रही ओपीडी और इमरजेंसी सुविधाएं

भिलाई नवप्रदेश। नेहरू नगर में सुपर स्पेशलिटी ईएसआईसी हॉस्पिटल में एक साल से चल रही ओपीडी सेवाओं के साथ ही अब आईपीडी की सेवाएं शुरू हो गई है। यानी, अब यहां आने वाले मरीजों को इलाज के लिये भर्ती करने 30 बेड हॉस्पिटल में इलाज की सुविधा शुरू हो चुकी है। हास्पिटल में नेत्र रोग, स्किन, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित 22 डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ सेवाएं दे रहे हैं।

उद्घाटन पीएम मोदी ने किया था

करीब 100 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअल उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2024 को किया था। पिछले एक साल से यहां आने वाले मरीजों के लिये ओपीडी की सुविधा थी। करीब एक माह से यहां आईपीडी की सुविधा भी शुरू हो गई है। आवश्यक होने पर मरीजों को भर्ती कर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

ओटी का निर्माण जारी, शीघ्र शुरू होगी सर्जरी -वर्तमान में सर्जरी की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। डॉ हसन ने बताया कि ओटी का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू की सुविधा भी शीघ्र शुरू होगी। हॉस्पिटल में ब्लड टेस्ट की सुविधा शुरू करने में कुछ समय और लगेगा। ब्लड टेस्ट के लिये मरीजों को कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं पड़ती। मरीजों के ब्लड सैंपल यहीं से कलेक्ट किये जा रहे हैं और टेस्ट की रिपोर्ट भी मिल जाती है।

200 बेड हॉस्पिटल में किया जाएगा विस्तार : केंद्र सरकार ने भिलाई में 100 बेड ईएसआईसी हॉस्पिटल के निर्माण की मंजूरी दी थी। भविष्य में इसका विस्तार 200 बेड हॉस्पिटल में किया जाएगा। हास्पिटल में मेडिकल सुविधाओं का विस्तार लगातार हो रहा है। फिलहाल 30 बेड हॉस्पिटल की सुविधा शुरू की गई है। शीघ्र ही यहां भर्ती होने वाले मरीजों के लिये 100 बेड की सुविधा शुरू हो जाएगी। इसके बाद केंद्र सरकार से फंड मिलने पर विस्तार करते हुए 200 बेड हॉस्पिटल बनाया जाएगा।

मरीजों को मिल रही इलाज की बेहतर सुविधाएं -

अस्पताल के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ एसएस हसन ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी, ओपीडी और फार्मेसी सुविधा के अलावा आईपीडी सुविधा भी शुरू हो गई है। फिलहाल 30 बेड की आईपीडी में मरीजों को भर्ती करने की सुविधा शुरू की गई है। यहां ईएसआईसी कार्डधारक मरीजों को 24 घंटे चिकित्सा परामर्श व इलाज के साथ सभी दवाईयां मिल रही है। फिलहाल ओपीडी में करीब सौ से सवा सौ मरीज रोज आ रहे हैं। एक्सरे मशीन की सुविधा भी उपलब्ध है।

90 हजार ईएसआईसी कार्डधारियों को इलाज की सुविधा

भिलाई में ईएसआईसी हॉस्पिटल में ओपीडी और केजुअल्टी के साथ 30 बेड की आईपीडी शुरू होने से करीब 90 हजार ईएसआईसी कार्डधारी श्रमिकों और कर्मचारियों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। कर्मचारियों के परिवार के 4 लाख सदस्यों को भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। सुविधायुक्त ईएसआईसी हॉस्पिटल शुरू होने से पहले तक ईएसआईसी कर्मचारियों को जिले के छोटे ईएसआईसी हॉस्पिटल पर निर्भर रहना पड़ता था। इलाज की बेहतर सुविधा न होने से मरीजों को निजी या शासकीय अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। यहां बेहतरीन इलाज की सुविधा के साथ मुफ्त मेडिकल जांच और दवाईयां भी उपलब्ध कराई जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

सोलर कंट्रोल रूम में अचानक बैटरी फट जाने से बिजली बंद

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतिम छोर ग्राम मेचका के आश्रित ग्राम बोईरगांव,ग्राम पंचायत मेचका श्रीधन सोम जनपद पंचायत नगरी में भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से चर्चा परिचर्चा गांव के लोगों द्वारा बताया कि 27 अप्रैल रविवार की रात 9 बजे सोलर कंट्रोल रूम अचानक बैटरी फट जाने के कारण पिछले 4 दिनों से गांव में लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिससे ग्राम वासी से चर्चा पर चर्चा कर उच्च कार्यालय को तत्काल नया बैटरी लगवाने एवं 2024 में बना नया सोलर कंट्रोल रूम निर्माण कार्य 2024 में हो चुका है और आज तक के उसे कंट्रोल रूम में बैटरी नहीं लगा है, चिंता का विषय है। तत्काल निराकरण करने हेतु जिला धमतरी कलेक्टर के नाम से ज्ञापन बनाकर अवगत करवाया गया। जनपद पंचायत सदस्य श्रीधन ने बताया कि यह गंभीर समस्या है। जिसके चलते ग्रामीण जन परेशान हो रहे हैं जिसमें गर्मी के दिनों में अंधेरा में रहना पड रहा है विभागीय अधिकारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है गांव वाले के द्वारा संबंधित विभाग को तत्काल अवगत कराया गया है।

प्रदेश की कमला देवी ने दुबई में बजाया भारत का डंका

- 67 साल की उम्र में बनीं अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट
- वेटलिफ्टिंग में जीते तीन गोल्ड मेडल

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कमला देवी ने अपने अटूट संकल्प, अनुशासन और आत्मबल से न सिर्फ जीवन को चुनौती दी, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अपने शहर, राज्य और देश का नाम भी रोशन किया। उन्होंने हाल ही में दुबई में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में तीन गोल्ड मेडल हासिल की है। उम्र सिर्फ एक संख्या है यह कहावत मनेन्द्रगढ़ की कमला देवी मंगतानी ने सच कर दिखाई है। 67 वर्ष की आयु में जब अधिकतर लोग अपने शरीर की सीमाओं को स्वीकार कर बैठते हैं।

कमला देवी मंगतानी पिछले 30 वर्षों से डायबिटीज जैसी जटिल बीमारी से जूझ रही हैं। एक समय था जब डॉक्टरों ने इलाज से जवाब दे दिया था और चलने-फिरने में असमर्थता के कारण उन्हें बैसाखी थमा दी गई थी, लेकिन जहां एक ओर शरीर जवाब दे रहा था, वहीं दूसरी ओर उनका मनोबल और आत्मविश्वास नई उड़ान भरने को तैयार था। उन्होंने न केवल बैसाखी को छोड़ा बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होकर चलना शुरू किया। एक-एक कदम आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जीवन के प्रति एक नया नजरिया अपनाया।

अब तक जीत चुकीं हैं 100 से अधिक गोल्ड मेडल

कुछ ही वर्षों में उन्होंने खुद को इतना सशक्त बना लिया कि स्थानीय जिम में जाना शुरू कर दिया। पिछले पांच वर्षों से वे लगातार जिम में नियमित रूप से अभ्यास कर रही हैं। जहां उनके उम्र के लोग रिटायरमेंट के बाद आराम की जिंदगी जीते हैं, वहीं कमला देवी सुबह उठकर जिम में पसीना बहाने जाती हैं। जिम में उन्होंने खुद को न केवल फिट किया, बल्कि वजन उठाने (वेटलिफ्टिंग) जैसी कठिन कसरत में भी महारत हासिल कर ली। उनकी मेहनत और जज्बे का परिणाम यह रहा कि उन्होंने विभिन्न स्तरों पर आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरू होकर वे धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंच गईं। अब तक वे 100 से अधिक गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इन पुरस्कारों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में जीतीं तीन गोल्ड मेडल

सबसे हालिया और गौरवपूर्ण सफलता उन्हें दुबई में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में प्राप्त हुई। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सानिध्य में 22 से 28 अप्रैल 2025 के बीच हुआ। इसमें दुनियाभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कमला देवी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किए। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल भारत, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले का नाम रोशन किया।

650 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त मौके से शराब बनाने वाला गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की एक संयुक्त टीम ने आमादरहा नाले के पास जंगल में हाथ भट्ठी शराब निर्माण अड्डे पर छापा मारकर 650 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 1.30 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही 6 क्विंटल लाहन जिसकी कीमत 3 लाख रुपये को नष्ट कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सरायपाली , बसना, सांकरा और पिथौरा आबकारी टीम को मुखबिर की सूचना पर आमादरहा नाले के समीप महुआ शराब भट्ठी पर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम को दूर से आता देखकर शराब निर्माण में लगा एक व्यक्ति भाग निकला वहीं टीम ने मौके से श्याम लाल खुंटे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन जोल्हे बताया गया है। संयुक्त टीम ने शराब, लाहन आदि जब्त कर छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34 (2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक दरसराम सोनी, हृदयराम तिरपुड़े, मिर्जा जफर बेग आदि शामिल रहे।

27 लीटर देशी शराब जब्त

इसी तरह एक दूसरे मामले में संयुक्त टीम ने गोकुल चौहान को 27 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा । दोपहिया वाहन सीजी 06-जीएस-3678 तथा 12 हजार रुपए कीमत की देशी मदिरा जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त टीम के अलावा इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राज किशोर पांडे भी शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com